



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com    कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित  डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026


वर्ष 35 अंक 111 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 20 जनवरी 2024 डाक 21 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में सरयू नदी पर पहली छत पर लगी सौर नाव के उद्घाटन के दौरान...



**देश-विदेश**
चिराग पासवान ने स्वीकार किया निमंत्रण, बोले- अयोध्या जाऊंगा और भव्य समारोह का बनूंगा साक्षी




**फीचर पेज**
प्रभु श्रीराम के जीवन की साक्षी रही है सरयू नदी, पाप और अशुद्धियों को करती है दूर




## प्राण-प्रतिष्ठा से पहले नहीं खोली जा सकती आंख, रामलला की मूर्ति की वायरल फोटो पर मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास सख्त, दी चेतावनी

**अयोध्या, 20 जनवरी [एजेंसी]।**



पिछले कुछ घंटों से अयोध्या में श्रीराम मंदिर की मूर्ति की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इस मूर्ति को अभी खोला नहीं गया है। लेकिन एक तस्वीर बार बार सामने आ रही है कि उनके नेत्र खुले हैं। इस पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने अपनी टिप्पणी दी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि मूर्ति स्थापित हो गई है और उसे अभी खोला नहीं गया है। उन्होंने कहा कि रामलला की मूर्ति को कपड़े से ढक दिया गया है। रामलला की आंख से पट्टी हटने और खुली आंखों वाली तस्वीर के सवाल पर सत्येंद्र दास ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले आंखों को खोला नहीं जा सकता। जिस मूर्ति का चयन हो जाता है, उस मूर्ति की आंखें बंद कर दी जाती हैं। उनकी आंखों को ढक दिया जाता है। जो तस्वीर दिखाई दे रही है वो मूर्ति है ही नहीं।

सत्येंद्र दास ने कहा कि ऐसी तस्वीर मिल नहीं सकती और अगर ऐसी तस्वीर है तो उसकी जांच होगी। ये जांच होगी कि मूर्ति की आंखें किसने खोली और ये तस्वीर कैसे वायरल हो गई। मंदिर के मुख्य पुजारी का कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए सारे कार्य होंगे, लेकिन नेत्र नहीं खुलेंगे। इस समय कर्म कांड किए जा रहे हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी के 11 दिवसीय अनुष्ठान पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास कहते हैं कि जो व्यक्ति अनुष्ठा करता है उसे फर्श पर सोना होता है, झूठ नहीं बोलता, गायत्री मंत्र का जप करता है। पत्ते पर भोजन करना होता है और ब्रह्मचर्य का पालन करना होता है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पहुंचे रायपुर, छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायपुर, 20 जनवरी [एजेंसी]।**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एकदिवसीय दौरे के तहत राजधानी रायपुर पहुंचे। रायपुर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उपराष्ट्रपति धनखड़ का स्वागत किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ छत्तीसगढ़ विधानसभा में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा परिसर स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रेक्षागृह में 20 और 21 जनवरी 2024 को विधायकों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला करेंगे। वह विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को मार्गदर्शन देंगे। प्रबोधन कार्यक्रम के प्रथम दिवस के तृतीय सत्र में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, और केंद्रीय मंत्री डा. मनसुख मांडविया का भी संबोधन होगा।

21 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी सदस्यों को मार्गदर्शन देंगे। इनके अतिरिक्त पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक भी सदस्यों को संबोधित करेंगे। इस मौके पर अलग अलग सत्रों में होने वाले इन कार्यक्रमों में विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, संसदीय कार्यमंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा उपस्थित रहेंगे।

## पीएम मोदी ने की पूजा, श्री रंगनाथस्वामी मंदिर जाने वाले पहले प्रधानमंत्री



**तमिलनाडु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुचिरापल्ली के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री मोदी श्री रंगनाथस्वामी मंदिर जाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के तमिलनाडु दौरे पर हैं। पीएम मोदी सुबह 11 बजे तिरुचिरापल्ली के प्रसिद्ध श्री रंगनाथस्वामी मंदिर पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां पूजा-अर्चना की और गजराज को फल खिलाए। प्रधानमंत्री रंगनाथस्वामी मंदिर में एक कार्यक्रम मे भी हिस्सा लेंगे।

प्रधानमंत्री इस मंदिर में कम्बा रामायणम के श्लोकों का पाठ करने वाले अलग-अलग विद्वानों को भी सुनेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर करीब दो बजे रामेश्वरम पहुंचेंगे और श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। अगले दिन 21 जनवरी को वह धनुषकोडी के कोठांदरामास्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। पीएमओ ने कहा कि धनुषकोडी के पास प्रधानमंत्री अरिचल मुनाई भी जाएंगे, जिसे वह स्थान कहा जाता है जहां से राम सेतु का निर्माण किया गया था। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले पिछले कुछ दिनों से प्रधानमंत्री लगातार मंदिरों में जा रहे हैं।

## ज्ञानवापी परिसर में सील वजूखाने की सफाई शुरू जिलाधिकारी के निगरानी में हो रहा काम, पुलिस तैनात



**वाराणसी, 20 जनवरी [एजेंसी]।**

ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाना क्षेत्र की सफाई 20 जनवरी (आज) को जिला अधिकारियों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हिंदू महिला याचिकाकर्ताओं के ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाना के पूरे क्षेत्र को साफ करने और स्वच्छता की स्थिति बनाए रखने के लिए निर्देश देने की मांग के आवेदन को स्वीकार कर लिया था, जहां कथित शिवलिंग पाया गया था। इलाके में भारी पुलिस तैनाती की गई। वहीं मस्जिद में प्रवेश करने से पहले सफाई कर्मचारियों की पहचान की जांच की गई। हिंदू पक्ष के वकील सुधीर त्रिपाठी ने कहा, हमने सुप्रीम कोर्ट में मांग की थी कि वजूखाना जो काफी गंदा हो चुका है, उसे साफ कराया जाए। आदेश 16 जनवरी को आया था, इसलिए आज इसे साफ किया जा रहा है। आज मंदिर व मस्जिद दोनों पक्ष के लोग यहां मौजूद रहेंगे। पूरा काम जिलाधिकारी की निगरानी में होगा।

## एक्ट्रेस अदा शर्मा पहुचीं दंतेवाड़ा, बस्तर: द नक्सल स्टोरी फिल्म की शूटिंग से पहले मां दंतेश्वरी का लिया आशीर्वाद

**दंतेवाड़ा।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री अदा शर्मा दंतेवाड़ा के मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचीं। अदा शर्मा ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही बस्तर द नक्सल स्टोरी फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले मंदिर में बैठकर अदा ने शंखनाद किया।बस्तर द नक्सल स्टोरी फिल्म की शूटिंग के लिए एक्ट्रेस अदा शर्मा दंतेवाड़ा पहुंची हैं। मंदिर दर्शन करने के अलावा अदा शर्मा इंद्रावती नदी किनारे भी पहुंचीं। यहां उन्होंने सनसेट का आंनद लिया। साथ ही नदी किनारे छत्तीसगढ़ी गाने में रील बनाया।

## बोगीनाडी से शुरू हुई सातवें दिन न्याय यात्रा राहुल ने पैदल चल लोगों से की मुलाकात



**इंफाल।** लोकसभा चुनाव शुरू होने में कुछ ही महीने बचे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर से मुंबई तक 6,700 किलोमीटर से ज्यादा की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर दी है। आज उनकी यात्रा का सातवां दिन है। यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। असम में यह यात्रा 25 जनवरी तक जारी रहेगी और 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी।कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को लखीमपुर जिले के बोगीनाडी से फिर से शुरू हुई। जैसे ही यात्रा बस से शुरू हुई, वैसे ही सड़क किनारे खड़े लोगों ने राहुल गांधी का स्वागत करना शुरू कर दिया। ऐसे में, उन्होंने बस से उतरने का फैसला लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से बातचीत की और उनके साथ पैदल चल पड़े।

पार्टी द्वारा साझा किए गए कार्यक्रम के अनुसार, यात्रा कुछ समय के लिए गोविंदपुर (लालुक) में रुकेगी। यहां वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, जितेंद्र सिंह, भूपेन बोरा और देवव्रत सैकिया एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बाद में दोपहर में यात्रा फिर से हरमुती से शुरू होगी।


नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

पगड़ी रस्म
( प्रात: 10:00 बजे )



स्व. श्री बद्री प्रसाद जी अग्रवाल

आपका त्याग, साहस, धैर्य, कठोर परिश्रम और कुटुंब-परिवार के प्रति जिम्मेदारी-धर्म लिख पाए ;
वो कलम तो शायद इस जगत में किसी के पास नहीं।
आपने सिखाया 'गर्व एवं आनंद' से अपने लिये जीना और अपनों के लिए जीना के बीच का अंतर।
अनुशासन का पर्याय ही नहीं बल्कि परिवार की हर समस्या का समाधान थे आप,
आप सदा हमारे साथ थे, अब भी हैं और हमेशा ही रहेंगे...!
आपके पदचिन्हों पर चलने को निरंतर प्रयासरत रह सकें ऐसी कामना परम आत्मा से....🙏🙏🙏
आपके श्री चरणों में शत् शत् नमन...

कार्यक्रम
पगड़ी रस्म -पौष शुक्ल एकादशी, 21 जनवरी 2024, दिन- रविवार
समय - सुबह 10:00 बजे
स्थान : निवास स्थान दर्री रोड कोरबा

भाव विह्वल श्रद्धांजलि
मदन, लखन, डॉ. ओम प्रकाश
विजय, सतीश, सुनीता, सुशील, सुमन

वर्षा मेडिको कोरबा, वी.के.स्टील्स रायपुर


## बीजापुर के बासागुड़ा के जंगलों में मुठभेड़ में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, तीन नक्सली ढेर

**बीजापुर, 20 जनवरी [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर आ रही है। मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। खबरों के अनुसार मुठभेड़ में पुलिस ने तीन वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर दिया है। अभी भी रुक-रुक कर फायरिंग चल रही है। इलाके में सुरक्षाबल की ओर से सर्चिंग जारी है। यह पूरा मामला बासागुड़ा थाना अंतर्गत क्षेत्र का है। हालांकि इस मुठभेड़ की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार बीजापुर के बासागुड़ा के नेड्रा के जंगलों में शनिवार की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस मुठभेड़ में तीन वर्दीधारी नक्सलियों को मारने का दावा किया है।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा



U.S. POLO ASSN. | MUFTI | KILLER | Levi's | BLACKBERRYS | nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## लुधियाना में कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू की मौत



**लुधियाना, 20 जनवरी [एजेंसी]।**

गनमैन कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, संदिग्ध को उसके ही हथियार से गोली मारी गई है। इस घटना से स्थानीय स्तर पर हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, घटना के वक्त कांग्रेस नेता रवनीत बिट्टू घर पर थे। सीआईएसएफ का गनमैन रवनीत बिट्टू के आवास पर तैनात था। मृतक जवान की पहचान उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले संदीप कुमार (32) के रूप में हुई है। गोली की आवाज से पूरा इलाका थर्रा उठा। वहां तैनात उसके साथी जब कमरे के पास पहुंचे तो देखा कि संदीप खून से लथपथ फर्श पर पड़ा हुआ था।

## रमन सिंह अस्वस्थ, आज कार्यक्रमों में नहीं होंगे शामिल

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अस्वस्थता की वजह से अपने कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। उनके करीबी सूत्रों ने बताया कि उनकी रीढ़ की हड्डी में काफी तकलीफ है, इसलिए वे आज से विधानसभा में शुरू हुए प्रबोधन कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। इस कार्यक्रम में आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ शामिल हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से मुलाकात भी स्थगित कर दिया है।

## महिला सशक्तिकरण पर मंजू ने रखी बात

**कोरबा।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में महिला सशक्तीकरण अभियान हेतु अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मंजू अजय दुबे ने महिला सशक्तिकरण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को वर्तमान समाज में महिलाओं की स्थिति और उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। श्रीमती दुबे ने अपने संबोधन में महिला सशक्तीकरण को बेहद आसान शब्दों में परिभाषित किया और कहा वर्तमान समय में महिलाओं को इतने अधिकार दिए गए हैं कि इससे महिलाएं स्वत: ही शक्तिशाली बन चुकी है जिससे वह अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं ले सकती है और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती है। कार्यक्रम की शुरुआत में कु. कीर्ति साहू ने पुष्प गुच्छ से मंजू अजय दुबे प्राचार्य, आर्यन पब्लिक स्कूल और प्रांत सह सेवा प्रमुख राष्ट्र सेविका समिति छत्तीसगढ़ का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश पांडे, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. के.के. दुबे का स्वागत राकेश सिंह राठौर ने किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता रुचि तिवारी, कीर्ति साहू, देवकुमारी टंडन, भावना चंद्रवंशी, मेघा राठौर, राधेश्वरी साहू, चंपा देवांगन, मीनल चंद्रवंशी ने सहयोग किया।

# जनता का भरोसा हर हाल में बनाए रखने के लिए चिकित्सकों को दिखाई होगी ईमानदारी

### स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज का जायजा लिया, भीड़ का दबाव कम करने विकल्प अपनाने पर जो

**कोरबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज कोरबा जिले के प्रवास के दौरान स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय व संबद्ध जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को समय पर उपचार के साथ उचित व्यवहार मिले और उन्हें अस्पताल में गुणवत्ता मूलक भोजन उपलब्ध हो।

स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में बैठक लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों से कहा कि लोग डॉक्टर को भगवान मानते हैं। कुछ समय से डॉक्टरों के प्रति लोगों की सोच बदल रही है, इसलिए चिकित्सकों को चाहिए कि वे मरीजों और आम जनता में अपने विश्वास को बनाए रखें, डॉक्टरों का मरीजों के प्रति जो सेवा भावना होनी चाहिए, वह भी बरकरार रहे। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि निजी अस्पतालों की अपेक्षा सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक, स्टाफ तथा सुविधाएं पर्याप्त होती है, ऐसे में कोई मरीज सरकारी अस्पताल में इलाज कराने की अपेक्षा प्राइवेट अस्पताल की ओर रूख करे, यह अच्छी बात नहीं है। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में काम करते हुए आवश्यकताओं की जानकारी ली और कमियों को पूरा करने



की बात कही।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि बाहर से उपचार के लिए आने वाले मरीजों को अनावश्यक इधर-उधर भटकना न पड़े। यहां मरीजों को टोकन उपलब्ध कराने के साथ ही डिस्प्ले के माध्यम से उनके क्रम की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में साफ-सफाई रखने के निर्देश देते हुए पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने आपातकालीन कक्ष, बर्न यूनिट, डायलिसिस कक्ष, मनोरोग उपचार कक्ष, सोनोग्राफी कक्ष, प्रसूति कक्ष का अवलोकन किया। महिला वार्ड में निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित चिकित्सकों और नर्स को बेहतर उपचार करने के निर्देश देते हुए उनसे चर्चा भी की। अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री ने बाहर से आए मरीजों से भी चर्चा कर उपचार व्यवस्था की जानकारी ली।

#### मरीजों के साथ हो बेहतर व्यवहार

मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों और अधिकारियों की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देशित किया कि अस्पताल में मरीजों के साथ किसी प्रकार की अभद्रता व अनुचित व्यवहार न हो, उन्हें समय पर आवश्यक उपचार मिले, अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली भोजन भी गुणवत्ता युक्त हो। साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही किसी प्रकार की गंदगी न हो। अस्पताल में मशीन खराब होने पर उच्च स्तर पर इसकी सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश भी उन्होंने दिए। बैठक में मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों द्वारा अस्पताल और मेडिकल कॉलेज संचालन की गतिविधियों को विस्तार से बताया गया। मरीजों के लिए सिटी स्कैन, एमआरआई तथा अन्य आवश्यकताओं की जानकारी दी गई। मंत्री श्री जायसवाल ने कम से कम दर पर सिटी स्कैन की व्यवस्था हो सके इस दिशा में कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सोनोग्राफी, डायलिसिस के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री श्री जायसवाल ने आने वाले दिनों में स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर बनाने उच्च स्तर पर बैठक आयोजित करने और आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए समस्याओं का निराकरण करने की बात कही। बैठक में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी, अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर आदि उपस्थित थे।

## 20 हजार का जुर्माना वसूला पुलिस ने ओवरलोड वाहन से

**कोरबा।** राखड़ उड़ाते चलते हुए वाहनों, रात्रि में सड़क किनारे राखड़ डंप कर पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले वाहनों, राखड़ ओवरलोड वाहनों पर विगत 15 दिनों से आरटीओ कोरबा और राजस्व विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। ऐसा ही मामला एसडीएम कटघोरा रिचा सिंह ने दौरा से लौटते समय देखा कि एक हाईवा सीजी 12 बीएफ़ 9733 नाममात्र का तिरपाल लगाए सड़क पर राखड़ उड़ाते जा रहा था, जिससे मोटर सायकल व पैदल चलने वाले आम जनता को अत्याधिक परेशानी हो रही थी। उन्होंने उक्त वाहन को तत्काल कटघोरा थाने में जब्त कर आरटीओ कोरबा को उचित वैधानिक कार्यवाही हेतु सौंप दिया। उक्त वाहन से आरटीओ कोरबा द्वारा 16 हजार 918 रूपये छत्तीसगढ़ मोटर यान कर एवं आठ हजार रुपए की जुर्माना राशि वसूल कर वाहन को भविष्य में नियमों का पालन करने की समझाईश देकर वाहन को रिलीज किया गया।



गौरतलब है कि कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर आरटीओ कोरबा शशिकांत कुर्रे व एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, एसडीएम कटघोरा रिचा सिंह की संयुक्त कार्यवाही विगत 15 दिनों से लगातार जारी है। कोरबा जिले में अब तक राखड़ परिवहन में लगे 186 वाहनों की विभिन्न मार्गो में जांच की गई जिसमे से तिरपाल, पीयूसी, रिफलेक्टर, फिटनेस, नो पार्किंग, ओवरलोडिंग, सड़क किनारे अवैध डंपिंग मामलों पर आरटीओ कोरबा की चलानी कार्यवाही से दो लाख 56 हजार रुपये की जुर्माना राशि जमा की गई है।

## 'डोनेट फॉर देश' योगदान देने की अपील

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमति सपना चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एआईसीसी नई दिल्ली एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोरबा जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों एवं सदस्यों को ऑनलाइन योगदान देने की अपील किया गया है।

श्री जायसवाल ने बताया कि ऑनलाइन क्राउड फंडिंग 'डोनेट फॉर देश' के लिए दान के तहत सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, को 13,800 रुपये, प्रदेश उपाध्यक्ष, महामंत्री को 25,000 रुपये, प्रदेश सचिव को 5000 रुपये, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को 13,800 रुपये, ब्लॉक अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के सभी पदाधिकारियों, जनपद पंचायत के सदस्यगणों को 1380 रुपये, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के सभी पार्षदों को एक माह का वेतन का सहयोग देने आग्रह किया गया हैं।

श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों के अलावा कांग्रेस समर्पित दान-दाताओं से भी सहयोग के लिए आग्रह करना है। उन्होंने बताया कि बेहतर भारत के लिए एवं कांग्रेस की 138 वर्षो की यादगार यात्रा एवं योगदान को याद दिलाते हुए पार्टी संगठन में ऑनलाईन फडिंग www.donet.inc.in या www.inc.in में जाकर डोनेट करने पर दान दाताओं को प्रमाण पत्र मिलेगा।

श्री जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने उपरोक्त कार्य को प्राथमिकता देते हुए 7 दिवस के अंदर डोनेशन फॉर देश में राशि जमा कराने ब्लॉकवार प्रभारियों की नियुक्ति किया गया है। इसमें कोरबा ब्लॉक-संतोष राठौर एवं सहप्रभारी रामगोपाल यादव, दर्री ब्लॉक-राजेन्द्र तिवारी एवं सहप्रभारी देवीदयाल तिवारी, बालको ब्लॉक दुष्यंत शर्मा एवं सहप्रभारी पियुष पांडे, कुसमुण्डा ब्लॉक सनीष कुमार एवं सहप्रभारी बसंत चन्द्रा, बाकींमोंगरा ब्लॉक-प्रदीप अग्रवाल एवं सहप्रभारी टीकाराम मनहर, कोरबा ग्रामीण-अजीत दास महंत सहप्रभारी नंदकुमार कंवर, करतला ब्लॉक-दौलत राम राठिया सहप्रभारी धनेश्वरी कंवर, बरपाली ब्लॉक-हरकुंवर बिंझवार सहप्रभारी लता कंवर, कटघोरा ब्लाक (शहर) राजीव लखनपाल, सहप्रभारी भावना जायसवाल, कटघोरा ब्लॉक(ग्रामीण)-गोरेलाल यादव सहप्रभारी हीरालाल यादव, हरदीबाजार ब्लॉक पुष्पेन्द्र शुक्ला सहप्रभारी मदन राठौर, दीपका ब्लॉक-मनोरा लकड़ा सहप्रभारी सुनील अग्रवाल, पाली ब्लॉक-यशवंत लाल सहप्रभारी नवीन सिंह, पोड़ी उपरोड़ा-अशमेर सिंह पोर्ते सहप्रभारी जुनैद खान, पसान ब्लॉक-बच्चन साय कोराम सहप्रभारी अशोक मिश्रा बनाये गये है।

## छुरीकला में सामान्य सभा नहीं होने से वार्डों में विकास कार्य हो रहे अवरूद्ध

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत नगर पंचायत ग्राम छुरीकला में पिछले 6 माह से पार्षदों की सामान्य सभा की बैठक नहीं किये जाने से वार्ड में होने वाले विकास कार्य अवरुद्ध होने से पार्षदों में अध्यक्ष व मुख्य नगरपालिका अधिकारी के प्रति नाराजगी बढ़ने लगी है। सामान्य सभा बैठक को लेकर 9 पार्षद के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपा गया है। नगर पंचायत छुरीकला में सामान्य सभा की बैठक नहीं किये जाने से विकास कार्य के कई एजेंडा अधर में लटका पड़ा है, जिससे पार्षदों के वार्डों में विकास कार्य ठप्प पड़ गया है। विधानसभा चुनाव के पहले 27 जुलाई 2023 को पार्षदों के साथ सामान्य सभा की बैठक की गई थी। उसके बाद लगभग 7 माह बीता जा रहा है अब तक सामान्य सभा की बैठक नहीं की गई है, जबकि नियमत: नगरपालिका अधिनियम के तहत हर दो माह में सामान्य सभा की बैठक करना सुनिश्चित है। अत्यंत विषम परिस्थिति में आवश्यक बैठक की जा सकती है। इस मामले को लेकर पार्षदों ने उच्च अधिकारी को आवेदन दिया, बताया जा रहा हैं की इस मामले को लेकर उच्च अधिकारी ने तलब व ठोस कार्रवाई नहीं की। सामान्य सभा बैठक को लेकर नगर के 9 पार्षद हीरालाल यादव, मधुराज कुमार अग्रवाल, मनोज विश्वास, नीरा बाई चेलकर, रामशरण साहू, शकुंतला गोंड़, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी और प्रतिपक्ष नेता देवेन्द्र देवांगन ने आवेदन सीएमओ से सामान्य सभा की बैठक कराने की मांग की गई है।

# 64 साल पुराने श्रीराम जानकी मंदिर में भव्य आयोजन

### प्रतिष्ठा दिवस को विशेष बनाने लोग हुए सक्रिय

**कोरबा।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को श्रीराम जानकी मंदिर, पुराना बस स्टैण्ड में भव्य आयोजन के साथ भंडारा और विशेष अनुष्ठान के साथ-साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजनों की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

पुराना बस स्टैण्ड कोरबा में जायसवाल मेडिकल के संचालक स्व. रामजीलाल जायसवाल के द्वारा अपने स्व. पिता परमेश्वर प्रसाद जायसवाल के स्मृति में इस मंदिर का निर्माण 28 अप्रैल 1960 को कराया गया। इस मंदिर में भगवान श्रीराम-जानकी का विग्रह के साथ-साथ भगवान शिव, राधा-कृष्ण, जगन्नाथ स्वामी, लक्ष्मीनारायण एवं बजरंगबली की भी मूर्ति स्थापित है एवं क्षेत्रवासियों की श्रद्धा का यह मंदिर बड़ा केन्द्र है। श्रीराम जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इस मंदिर में भव्य पूजा आराधना के साथ अनेक कार्यक्रम होंगे।



बता दें कि इस मंदिर में पांच दशक से भी अधिक समय से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का प्रारंभ हुआ जिसका निर्वहन निरंतर होता आ रहा है। इस मंदिर के प्रथम पुजारी लिटिया महाराज थे। उनके बाद पं. सुंदरलाल शर्मा सुकली वाले ने भगवान को अपनी सेवा दी। वर्तमान में पं. हेमंत दुबे की देखरेख में यहां पूजा-अर्चना के कार्य संपादित हो रहे हैं। मंदिर की देखरेख एवं अन्य धार्मिक गतिविधियां जायसवाल मेडिकल के संचालक व पूर्व साडा उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल एवं उनके अनुज अजय व अनिल जायसवाल के द्वारा संपादित कराई जा रही है।

#### पूजा-पाठ एवं भोग-भंडारा का वृहद आयोजन

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिवस 22 जनवरी के लिए मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। राम मंदिर में 22 जनवरी को विशेष पूजा, अनुष्ठान संपन्न कराये जाएंगे। इस अवसर पर वृहद भंडारा का भी आयोजन होगा एवं विभिन्न कार्यक्रम भी तय किए जा रहे हैं। आयोजन समिति के संरक्षक अशोक जायसवाल व राजेन्द्र जायसवाल, आशीष पिन्टू, रोशन जायसवाल, संजय जायसवाल, राजू व नीरज जायसवाल, मनीष जायसवाल के संयोजन के अलावा सर्ववर्गीय जायसवाल समाज के लोग आयोजन की तैयारी और भव्यता प्रदान करने में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने नगरजनों से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## शासकीय भूमि पर लगेंगे विभागों के बोर्ड

**कोरबा।** जिले में विभागीय कार्यों सहित अन्य प्रयोजनों के लिए आबंटित शासकीय भूमि पर संबंधित विभागों का सूचना बोर्ड लगाया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने इस संबंध में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने विभागों के रिक्त भूमियों पर सूचना बोर्ड जरूर लगाएं। कलेक्टर के इस निर्देश पर अमल करते हुए विभागीय अधिकारियों द्वारा सूचना बोर्ड लगाना प्रारंभ भी कर दिया गया है। सूचना बोर्ड लगाए जाने से शासकीय भूमि पर एक ओर जहां अतिक्रमण पर रोक लगेगी, वहीं शासकीय भूमि का चिन्हांकन भी आसान होगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को यह भी निर्देशित किया है कि विभागों द्वारा शासकीय भूमि पर लगाए जाने वाले सूचना बोर्ड के संबंध में वे निगरानी करना सुनिश्चित करें।

# उठाव की लचर व्यवस्था से उपार्जन केंद्रों में धान हुआ जाम

**कोरबा।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक मो. न्याज नूर आरबी ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा है जिसमें उन्होंने जिले में धान उठाव संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए इसे दुरूस्त कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि हाथी विचरण क्षेत्र एवं जंगलों से लगे इलाके में धान उपार्जन केंद्र खोलना एवं समय पर धान के उठाव में लापरवाही बरतने के कारण नाकाम रहने से चचिया धान खरीदी केंद्र के कर्मचारियों की जिंदगी महफूज नहीं लग रही, बीते बुधवार गुरुवार की दरम्यानी रात पुन: लोनर (झुंड से पृथक अकेला) हाथी उपार्जन केंद्र में घुस आया व दर्जनों बोरे धान को खाकर बर्बाद कर चला गया। धान की रखवाली में लगे कर्मचारियों ने दुबक कर किसी तरह अपनी जान बचाई। लचर परिवहन व्यवस्था, वन अमले की विफलता एवं असुरक्षित स्थल में 5 दिन में दूसरी बार हाथी की धमक से सहमे फड़ प्रभारी ने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं को पत्र लिखकर उपार्जन केंद्र चचिया में तत्काल धान खरीदी बंद कर शेष किसानों का कोरकोमा में धान खरीदने की वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान करने की मांग की है। साथ ही मार्कफेड से खरीदे गए



धान का तत्काल उठाव एवं आगामी खरीफ वर्ष से धान उपार्जन केंद्र के लिए उपयुक्त सुरक्षित स्थल का चयन करने की बात कही है।

श्री आरबी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में आपके सुरक्षित हाथों में बागडोर पिछले माह गठित होकर ही सुशासन लाने त्वरित क्रियाकलाप से प्रतिबद्ध आमजन का हित व लाभ करने वाली आपकी संवेदनशील सरकार के सोच व लक्ष्य के विपरीत कार्य होने के कारण हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे उद्बोधन वाक्य चरितार्थ होता नही दिख रहा है।

मार्कफेड विभाग की मुख्या एवं जिले में धान उठाव में अत्यंत देर होने के प्रथम जवाबदार, संवेदनशील केंद्र के प्रति डीएमओ श्रीमती जान्हवी जिल्हरे जी का बेतुका बयान चुटकी बजाते नही उठ जाती धान वाले लापरवाह व गलत बयानबाजी से राज्य सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

युवा नेता ने कहा कि जिला विपणन अधिकारी का न केवल राइस मिलरो पर नियंत्रण है न अपनी भाषा शैली पर। जिले के सबसे संवेदनशील धान उपार्जन केंद्र बन चुके चचिया में धान के उठाव की गति मंद होने संबंधी मीडिया के सवाल पर डीएमओ फिर आपा खो बैठीं। चिर परिचित अंदाज में डीएमओ जान्हवी जिल्हारे ने कहा कि चुटकी बजाते धान नहीं उठ जाती। डीएमओ ने समिति में धान खरीदी के कार्य मे तेजी आने धान की आवक बढ़ने से जाम के हालात पर सहकारी संस्थाएं के समितियो को ही दोषी ठहरा दिया। उन्होंने कहा कि समय रहते समितियां किसानों से धान खरीद लेती तो यह स्थिति निर्मित नहीं होती। संवेदनशील केंद्र के प्रति डीएमओ का यह बेतुका बयान और बौखलाहट यह बताने में काफी है कि मैडम से जिले की व्यवस्था नहीं संभल रही। आने वाले वक्त में मार्कफेड को इस दिशा में गंभीरता से पहल करनी चाहिए।

जिले में खराब मौसम के बीच जाम पड़े करोड़ों रुपए के धान के उठाव के प्रति डीएमओ की सक्रियता नजर नहीं आ रही है। सिर्फ डीओ जारी कर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर रही है। केंद्रों में राइस मिलरो से मिलीभगत कर अमानक स्तर के कटे फटे बारदानो की धान खरीदी के लिए आपूर्ति करवा रही है। सहकारिता संयोजक ने ध्यानाकर्षण कराया है कि वर्तमान में धान उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट 3 से 4 गुना ज्यादा बढ़ा हुआ है। जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में लगभग सभी केंद्रों में लिमिट से ज्यादा धान का स्टॉक आज पर्यंत मार्कफेड के मुख्या की घनघोर लापरवाही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने को मजबूर है। शुक्रवार देर शाम की सरकारी आंकड़े के हिसाब से उदाहरण स्वरूप करतला विकासखंड के बरपाली उपार्जन केंद्र में 6000 क्विंटल धान से 4 गुना 24000 क्विंटल धान बारिश में सड़ने के लिए छोड़ा गया है। इसी तरह का हाल सभी उपार्जन केन्द्रों में मौजूद है। जबकि जिले में 103 रजिस्टर्ड राइस मिल हैं।

जिले के मार्कफेड से जुड़े अन्य विभागों के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के न ही आदेशों का पालन कर रही न ही शासन के नीति निर्देशों का पालन करने में रुचि ले रही हैं, जिसका कारण जिले में प्रथम दफे इस प्रकार की विकराल स्थिति उत्पन्न हुई है। राइस मिलरों का पक्ष लेते हुए कोरबा जिले में अब तक मात्र 67फीसदी ही धान का उठाव अब तक करवा पाई है। जबकि दूसरे जिलों में 80से 90 प्रतिशत तक धान का उठाव हो चुका है।

## वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा में कुसमुंडा एरिया बना सिरमौर

**कोरबा।** कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी क्षेत्रों की समीक्षा, उत्पादन और उत्पादकता के दौरान डीजीएमएस के नियमों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। जिसके तहत समुचित जीरो टॉलरेंस दुर्घटना साथ ही अन्य कई मापदंडों में निरीक्षण उपरांत उन क्षेत्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के क्रमानुसार वार्षिक सुरक्षा कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाता है। इसी कड़ी में इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन की जिम्मेदारी एसईसीएल दीपका क्षेत्र को दी गई। आयोजन में एसईसीएल की सभी तेरह क्षेत्रों से 61 खदान की टीम और 11 गैर एसईसीएल की टीम प्रतिभागी रही, जिसमें कुसमुंडा क्षेत्र को अलग अलग कार्यों में अपनी उत्कृष्टता दिखते हुए पहले तीन पायदान में पांच पुरस्कार प्राप्त हुए, वहीं ओवर ऑल में पहला स्थान हासिल करते हुए अपना परचम लहराया है। जिससे क्षेत्र के अधिकारियों - कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। जहां एक ओर कुसमुंडा क्षेत्र ने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने में अपने नाम को शीर्ष पर रखा हुआ है। वही सुरक्षित खनन में भी कीर्तिमान गढना मील का पत्थर साबित होने से कम होना नही है। इस अवसर पर कार्यकारी महाप्रबंधक राजीव सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य और खनन संवर्ग के अधिकारी व कर्मचारियों ने पुरस्कार प्राप्त किया।

# युवती का गर्भपात कराने के बाद हत्या कर जंगल में फेंका शव, गुम इंसान खोज अभियान के तहत कंकाल जब्त, आरोपी युवक गिरफ्तार

**कोरबा।** अक्टूबर 2020 में लेमरू के केउबहार की युवती असीमा बड़ा के लापता होने के मामले में तीन साल बाद खुलासा हो सका कि वह कंकाल बन चुकी है। पुलिस ने उसी गांव के एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसने युवती की हत्या करने की बात स्वीकार की। प्रेम संबंध के दौरान युवती को गर्भ ठहरने के बाद आरोपी ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने कंकाल जब्त करने के साथ अगली कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के द्वारा उप पुलिस अधीक्षक बेनेडिक्ट मिंज, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम बनाया गया जिसमें थाना प्रभारी लेंमरू जितेंद्र यादव और उनके स्टाफ तथा साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी और उनके स्टाफ को थाना लेंमरू के गुम इंसान कुमारी असीमा बड़ा के गुम इंसान में काम करने के लिए लगाया गया था जिसमें टीम के द्वारा गुम इंसान के सभी पहलुओं को बारीकी से अध्ययन किया गया समस्त गवाहों से पूछताछ किया गया पूछताछ में एक नई बात खुल के बाहर आई कि कुमारी असीमा बड़ा गुमशुदगी के समय दो माह की गर्भवती थी तथा



उसका से प्रेमी अनसेलम लकड़ा गर्भ चेक कराने के लिये कम्पाउंडर के पास लेकर आया था एवं प्रेग्नेंसी चेक करने पर गर्भवती होना पता चलने पर अनसेलम लकड़ा ने गर्भपात कराने का दवा भी लिया था। इस बात की जानकारी होने पर इस तथ्य की तस्दीकी हेतु संबधित कम्पाउंडरो से पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त बातो की पुष्टि किया गया।

इस आधार पर अनसेलम लकड़ा के पूर्व के बयान का अध्ययन करने पर उसके द्वारा असीमा बड़ा के गर्भवती होने संबधी बात को छुपा दिया जाना पाया गया। असीमा बड़ा के प्रेमी अनसेलम लकड़ा को तलब कर पूछताछ करने पर उसने पहले तो पुलिस टीम को गुमराह करने लगा बाद में टीम के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने एवं सभी पहलू को उसके सामने रखने पर उसने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी ने लगभग 04 साल पूर्व असीमा बड़ा के गुमशुदगी दिनांक 09-10-2020 को ही रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर उसके लाश को छिपाने के नियत से घाटी एवं घने जंगलो के खाई में फेंक देने की बात बताया

संदेही के निशादेही पर घटना स्थल टोपरघाट के जंगल लेंमरू श्यांग रोड में गुम इंसान असीमा बड़ा के लाश के अवशेष कपाल (मानव खोपड़ी), एव उसके शरीर की 5 अन्य अस्थियां बरामद हुईं साथ हीं घटनास्थल पर ही मृतिका के कपड़े बाल पायल वगैरह भी मिला जिनके आधार पर मृतिका की पहचान असीमा बड़ा के रूप में हुई है। आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर उपरोक्त वस्तुएं बरामद कर जप्त किया गया, मामले में थाना लेंमरू मे मर्ग कमांक 01/24 धारा 174 दप्रसं तथा अपराध कमांक 06/24 धारा 302, 201 भादवि कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा जा रहा है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी लेंमरू जितेंद्र यादव, साइबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी, प्रआर. सुदेश तिर्की, चंद्रशेखर पांडे, गुनाराम सिंहा, आरक्षक प्रशांत सिंह, जितेंद्र जायसवाल, डेमन ओगरे विपिन नायक, विक्रम नारंग, दिनेश रत्नाकर की सराहनीय योगदान रहा।

## शीघ्रलेखन व मुद्रलेखन संबंधी शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता हुई शिथिल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पद हेतु हिन्दी अथवा अंग्रेजी में 5000 डिप्रेशन की गति के प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को संशोधित कर शिथिल कर दिया गया है। सदस्य सचिव सालसा आनंद प्रकाश वारियाल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विधिक सेवा प्राधिकरण अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 के रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किए गए थे। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत मान्यता प्राप्त संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन-मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 की डिप्रेशन प्रति घंटा का प्रमाण पत्र संबंधी योग्यता को विलोपित कर संशोधित विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन अंतर्गत 22 जनवरी से 27 जनवरी 2024 शाम 05 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि विज्ञापन की शर्तें पूर्ववत् रहेंगी तथा पूर्व में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को पुन: आवेदन करने आवश्यकता नहीं है। अधिक जानकारी के लिए शासकीय वेबसाइट https://cgslsa.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

## जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगाये गये आयुष्मान कार्ड मेगा शिविर का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गुरूवार को जिले के ग्राम पंचायत जर्वे, पिसौद, पीथमपुर, अफरीद, पचौरी, तालदेवरी, सिलादेही, केरा, तुलसी, खैरताल, नवागढ़, सेमरा, तिलई, खटोला, कोटगढ़, बुचीहरदी सहित विभिन्न ग्राम पंचायत अंतर्गत लगाये आयुष्मान कार्ड मेगा शिविर का निरीक्षण किया।

## शातिर तरीके से बनाया अश्लील वीडियो, जेल दाखिल

**जांजगीर।** दिनांक 18/01/24 को पीड़िता ने थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज



कराई की आरोपी मायाराम उर्फ मयंक से जान पहचान होने से आरोपी द्वारा अपने क्वाटर ले जाकर धोखा से कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया और नशा हो गया उसी का फायदा उठा कर आरोपी मायाराम उर्फ मयंक ने जबरदस्ती दैहिक शोषण किया विरोध की तो घटना का वीडियो फोटो रखा हू जिसे वायरल कर दूंगा का धमकी देने लगा पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 57/2024 धारा 376 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी मायाराम उर्फ मयंक ध्रुव को पुलिस हिरासत में लेकर दिनांक घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 19.01.24 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णो, सहायक उप निरीक्षक बलवंत धृतलहरे, महिला आरक्षक रेखा यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपितों को 20 साल सश्रम कारावास की सजा

**सक्ती।** सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपितों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार नाबालिग लड़की 13 मई 2023 को खाना खाकर अपने घर के बाहर टहल रही थी । तभी रात्रि लगभग 9.30 बजे युवराज साहू और विक्की सागर बाइक में आए और उसे बहला फुसलाकर भगाकर अपने साथ बिठाकर तालाब तरफ ले गए और वहां पर युवराज ने रविंद्र बरेंठ को फोन कर बुलाया तथा नाबालिग के कपड़े उतार दिए ।सभी ने उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता चिल्लाती रही मगर दरिंदों ने उसकी नहीं सुनी। रात्रि लगभग 11.30 बजे वह अपने घर वापस आई और घटना की जानकारी अपने परिवार के लोगों को दी। थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपितों के विरूद्ध भादवि की धारा 363 366 376 (घ) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4(2), तथा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया ।

विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। मामले की सुनवाई कर विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने तीनों को सामूहिक दुष्कर्म के लिए दोषी करार देते हुए युवराज साहू (23) पिता स्व. रघुनंदन साहू, रविंद्र कुमार बरेठ पिता स्व. सुरेश कुमार बरेठ एवं विक्की सागर (29) पिता परमानंद सागर को भारतीय दंड संहिता की धारा 366 के अपराध के लिए तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रूपए के अर्थदंड से एवं धारा 376 (घ) के अपराध के लिए 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रुपयेके अर्थदंड से दंडित किया गया है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने पैरवी की।

## खाद्य अधिकारियों ने की कार्रवाई, 960 बोरा धान जब्त

**जांजगीर ।** कलेक्टर के निर्देशन में फूड अफसरों द्वारा किराना दुकानों एवं जनरल स्टोर्स में छापेमारी कर 960 बोरा धान जब्त किया है। टीम ने कुल चार ठिकानों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान व्यवसायियों में हड़कंप मचा था। गौरतलब है कि जिले में धान की कालाबाजारी की सूचना पाकर खाद्य अधिकारियों ने कलेक्टर के निर्देशन में टीम गठित की और ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। जहां से टीम ने शुक्रवार को पहली कार्रवाई नवागढ़ के केशरवानी किराना दुकान में छापेमारी की। जिसमें 700 कट्टी अवैध धान जब्त किया है। वहीं दूसरी कार्रवाई खाद्य विभाग एवं मंडी के अफसरों की संयुक्त टीम ने ग्राम पंचायत रसौटा के लीलाराम रत्नाकर के किराना दुकान परिसर में रखे 190 कट्टी (76 क्विंटल) धान जब्त की गई। जिसमें आरोपियों के खिलाफ मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह तीसरी कार्रवाई कापन के रमेश कुमार गौतम पिता स्व.रामदुलार गौतम के कब्जे से 40 (16 क्विंटल) कट्टी अवैध धान जब्त किया गया। वहीं चौथी कार्रवाई परसाही बाना के पटेल किराना स्टोर से 30 कट्टी (12 किंवटल) धान जब्त की गई। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि जिले 129 उपार्जन केंद्रों, से 46 लाख किंवटल धान की खरीदी की जा चुकी है। धान क उठाव की रफ्तार भी तेज कर दी ग है। कहीं भी कोचियों द्वारा अवैभ तरीके से धान की खरीदी की जा है ऐसे लोगों की सूचना पिनने त्वरित कार्रवाई की जा रही


**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम खरवत की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका तारावती वर्मा पति अशोक प्रसाद वर्मा जाति कोईरी निवासी चरचा कॉलरी थाना चरचा तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम खरवत प.ह.नं.-05 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2040/4 रकबा-0.030 हे. भूमि स्थित है, जो राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र,खसरा बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 03.02.2024 को 11.00 बजे आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक19.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सील

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**


## जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास आकाश छिकारा के निर्देशन में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति समीक्षा की गई। बैठक में जिले के जनहितैषी कार्यों के संबंध में विभागों से प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उच्च प्राथमिकता के क्षेत्र जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, वृद्ध एवं निःशक्तजन सहायता, पर्यावरण सहित अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के विभिन्न कार्यों पर चर्चा की गई।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./निर्माण/2023 दिनांक 11.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 18 में पानी टंकी से दारू दुकान तक बी टी रोड का निर्माण कार्य। (15वें वित्त) (द्वितीय निविदा) | 25.00 | 29.01.2024 **(T.No.151338)** |
| 2 | वार्ड 29 में पोड़ीबहार में बी टी रोड (कोसाबाड़ी में रोड से पोड़ीबहार चौक तक) (14वें वित्त)(द्वितीय निविदा) | 62.56 | 29.01.2024 **(T.No.151339)** |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** पर देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**


# वाटर एटीएम से नहीं मिला एक बूंद भी पानी और कर दिया लाखों का भुगतान

### उचय नगर पालिका चांपा का कारनामा, परिषद के निर्णय को पीआईसी ने बदला

**चांपा।** स्थानीय नगर पालिका परिषद ने एक अजीबोगरीब कारनामा कर दिखाया है। नगर में स्थापित किये गये दो वाटर एटीएम से लोगों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं होने पर पूर्व नगर पालिका परिषद ने वाटर एटीएम स्थापित करने वाले संस्थान को भुगतान किये जाने पर रोक लगा दी थी, लेकिन वर्तमान परिषद की प्रेसीडेंट -उचय इन -उचय कौंसिल ने पूर्व परिषद के निर्णय को बदलते हुए संबंधित को लाखो रू. का भुगतान कर दिया। पालिका के पार्षदो ने इस वित्तीय अनियमितता की जांच की मांग की थी, लेकिन मामले में अब तक जांच कर कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से नगरवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है। पूरे मामले में हरिभूमि को जो दस्तावेज हाथ लगे है उसके अनुसार संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा अपने पत्र दिनांक 13.04.2017 के तहत बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के नगरीय निकायो के लिए 85 नग वाटर एटीएम स्थापना को स्वीकृत किया गया था। इसके तहत नगर पालिका चांपा हेतु भी दो नग वाटर एटीएम की स्थापना स्वीकृत की गई थी जिसके तहत निकाय को विभिन्न चरणों में कुल बीस लाख दस हजार रू. प्रदाय किये गये। उपरोक्त स्वीकृति पश्चात मुख्य नगर पालिका अधिकारी चांपा ने मेसर्स राईट वाटर सॉल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड नागपुर (महाराष्ट्र) के पक्ष में कार्यादेश क्रं. 326 दिनांक 25.04.2017 को जारी किया गया। निर्धारित समय पर संस्थान द्वारा नगर के गौरवपथ स्थित प्रतीक्षा बस स्टैण्ड तथा



बिसाहु दास महंत शासकीय चिकित्सालय में अलग -उचय अलग वाटर एटीएम की स्थापना की गई। तय समय पर दोनो वाटर एटीएम से लोगो को एक बूंद भी पानी नसीब नही हो पाया। इसके बाद तत्कालीन नगर पालिका परिषद द्वारा अपनी बैठक दिनांक 21.01.2018 को पारित संकल्प क्रं. 2 के तहत भुगतान पर रोक लगा दी। वर्तमान परिषद ने दोनो वाटर एटीएम से लोगो को पानी उपलब्ध नहीं होने के बाद भी पीआईसी की बैठक दिनांक 23.11.2020 को पारित संकल्प क्रं. 3 तहत शासन से प्राप्त आबंटन सीमा में शेष राशि के भुगतान की अनुमति प्रदाय कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भुगतान हेतु अधिकृत कर दिया। इस तरह पूर्व परिषद के द्वारा लिये गये निर्णय को बदलते हुए वर्तमान परिषद की पीआईसी ने यह साबित कर दिया है कि परिषद के बजाये वह सर्वोच्च है। इस तरह यह माना जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लोअर कोर्ट बदल दे। इस पूरे मामले की शिकायत पूर्व में एसडीएम चांपा को भी की गई है, लेकिन मामले में किसी तरह की कार्यवाही न होने से संबंधितो के हौसले बुलंद है। अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद नगरवासियों में यह आस जगी है कि मामले में निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

मामले के दौरान मैं यहां पदस्थ नहीं था इसलिए पूरी फ़ाइल देखने के बाद ही मैं कुछ कह पाउंगा।

**प्रहलाद पाण्डेय**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद चांपा**

मेरे विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकायो में यदि किसी तरह की वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो मेरे द्वारा पूरे मामले की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करायी जाएगी।

**व्यास कश्यप**
**विधायक जांजगीर-उचयचांपा,विधानसभा**

## 12 सदस्यीय कमेटी करेगी भू-विस्थापित किसानों की मांगों की जांच

**जांजगीर-चांपा।** केएसके महानदी पावर कंपनी के भू-विस्थापितों ने अपने 23 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इसको लेकर 14 जनवरी को अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में भू-विस्थापित किसानों और केएसके प्रबंधन के साथ बैठक रखी गई। बैठक में सभी मांगों के निराकरण के लिए भू-विस्थापित किसानों की सहमति पर एक जांच कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। कमेटी में जिला प्रशासन के आला अधिकारी, केएसके प्रबंधन और भू विस्थापित किसानों को शामिल कर 12 सदस्यीय समिति गठित की गई है। जिसमें अकलतरा एसडीएम विक्रांत अंचल, अकलतरा तहसीलदार अमरनाथ श्याम, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक तिर्की, भू अभिलेख के सहायक अधीक्षक विनय पटेल, सहायक संचालक, औद्योगिकी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम पदाधिकारी घनश्याम पाणिग्रही के अलावा ग्रामीण सत्यप्रकाश निर्मलकर, ज्योति नोरगे, सुशील कुमार निर्मलकर, राजकुमार महंत, केआर नोरगे व खूबचंद केंवट शामिल हैं।

## अवैध शराब विक्रेता को दो वर्ष का सश्रम कारावास

**जांजगीर।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी को 2 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। जिला अभियोजन अधिकारी के अनुसार आरोपी टेकू बंजारे उम्र 46 साल निवासी वार्ड नंबर 13 अकलतरा थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा के कब्जे से 10 जून 2023 को अलग-अलग बोरी में रखे अवैध रूप से देशी प्लेन शराब एवं अंग्रेजी शराब कुल 94 लीटर कीमती 51 हजार 460 एवं बिक्री रकम 940 रुपए को बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34-2आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र तैयार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय जांजगीर में पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत दोष सिद्ध पाए जाने से 17 जनवरी के निर्णय में आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया गया।

## मकर संक्रांति पर्व पर जरूरतमंदों को लायंस क्लब ने किया अन्नदान

### उचय डोंगाघाट पहुंचकर भिक्षुकों को बांटी खिचड़ी व चांवल

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा सोमवार 15 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर डोंगाघाट स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष दोपहर 12 से 2 बजे तक बड़ी संख्या में जरूरतमंद भिक्षुकों में सवा क्विंटल चांवल तथा खिचड़ी का वितरण

किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि क्लब अपने सेवा कार्यो के तहत सदैव जरूरतमंदो एवं गरीब वर्ग के लोगो की सेवा में तत्पर रहेगा। इस दौरान दोपहर 12 बजे तक हनुमान मंदिर के समक्ष रहने वाले गरीबों तथा भिक्षुकों में चांवल व खिचड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश अग्रवाल, लायंस क्लब शिक्षण समिति के वाईस चेयरमेन लायन विनोद अग्रवाल, लायन डॉ. जी.पी. दुबे, लायन संतोष



अग्रवाल एवं लायन वासुदेव देवांगन सहित अनेक लायन सदस्यों ने उपस्थित रह कर अन्नदान में सहयोग किया।

## नहीं लगाने पड़ेंगे अब नपा के चक्कर, घर बैठे मिलेगी टैक्स भरने की सुविधा

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर-नैला नगरपालिका में जल्द ही घर बैठे ऑनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा मिलेगी। लोगों को संपत्तिकर, जलकर समेत अन्य टैक्स पटाने के लिए दफ्तर तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए पूरे शहर का ज्योग्राफिस इंफार्मेशन सिस्टम (जीआईएस) से सर्वे का काम भी लगभग पूर्ण हो चुका है। शहर के 24 वार्डों में जीआईएस सर्वे हो चुका है। केवल एक वार्ड में ही सर्वे का काम शेष है। जीआईएस सर्वे कराने से शहर में जितने भी मकान हैं, सभी की मैपिंग की गई है। इससे नगरपालिका के पास शहर के हर एक के संपत्तियों का ब्योरा होगा।गौरतलब है कि नगरपालिका जांजगीर-नैला में अभी टैक्स वसूली का काम मैनुअली होता है। वहीं संपत्ति टैक्स पटाने के लिए भवन मालिकों को नगरपालिका के चक्कर काटने पड़ते हैं। ऑनलाइन टैक्स पटाने की सुविधा शुरू होने से लोगों को टैक्स पटाने के लिए नगरपालिका तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऑनलाइन टैक्स की सुविधा शुरू कराने से पहले सूडा रायपुर के द्वारा जांजगीर-नैला नगरपालिका क्षेत्र के सभी वार्डों का सर्वे कराया गया है। ड्रोन के जरिए जीआईएस मैपिंग की गई है। इसमें 24 वार्डों में सर्वे हो चुका है। केवल वार्ड क्रमांक 7 में सर्वे का काम शेष है। जिसे जल्द ही पूरा होने की बात विभाग के द्वारा की जा रही है।

## परियोजना अधिकारी के अप-डाउन से बिगड़ी व्यवस्था



**बलौदा ।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी को मुख्यालय में रहना अनिवार्य है । लेकिन बलौदा ब्लाक के अधिकांश विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मुख्यालय से दूर दराज से आना जाना करते हैं। जिससे लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।बलौदा ब्लाक के एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी बाहर से आना जाना करती हैं । परियोजना अधिकारी मुख्यालय में निवासरत नहीं है। जिसके कारण बलौदा ब्लाक के आंगनबाड़ी केंद्रों में अव्यवस्था का आलम है।

जवाबदार अधिकारी मुख्यालय में नही रहने से इनके सुपरवाइजर भी बेलगाम हैं। अधिकारी के आना जाना करने से आफिस के कर्मचारी भी बेपरवाह हैं। परियोजना अधिकारी के मुख्यालय में नहीं रहने से वे अधिकतर दिन कार्यालय देर से पहुंचती हैं व घर जल्दी जाने के कारण अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों में निरीक्षण नहीं पर पातीं। कई आंगनबाड़ी केंद्र में शासन के दिशानिर्देश का पालन नहीं हो रहा है । मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत अण्डा एवं केला का वितरण लक्षित कुपोषित बच्चों के लिए नियमित रुप से प्रत्येक सप्ताह के सोमवार, गुरुवार एवं शिशुवती माताओं को प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार एवं शुक्रवार को नहीं मिलने की आए दिन शिकायत मिलती है लेकिन अधिकारी मुख्यालय में नही रहने से इनकी जांच भी नहीं हो पाती।

अभी जांजगीर में हूं , कभी कभी ही बाहर रहती हूं।

लक्ष्मी राव वाकोड़े
परियोजना अधिकारी
एकीकृत महिला व बाल विकास परियोजना बलौदा

## नो एंट्री के समय चलने वाले भारी वाहनों पर कार्रवाई की मांग

**जांजगीर चांपा ।** नगर - पंचायत क्षेत्र मैं नो एंट्री का उल्लंघन करने वाली कोयला वाहनों के ऊपर कार्रवाई को लेकर पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखा है।



पूर्व विधायक ने पत्र में लिखा है कि नगर पंचायत बलौदा में जिला प्रशासन के द्वारा भारी वाहनों के प्रवेश पर नोएंट्री लगाया गया है। नो एंट्री सुबह सात बजे से लेकर शाम सात बजे तक लगी है, मगर इसके बाद भी शहर के वार्ड क्रमांक 15 थाना चौक से लगातार कोयले की गाड़ियां महावीर कोलवाशरी भिलाई से आगे रैंक साईडिंग और पीआईएल प्रकाश इंडस्ट्रीज चाम्पा लगातार जा रही है। जिससे एक तरफ सड़क खराब हो रही है वहीं दूसरी तरफ लगातार दुर्घटनाएं होती है। इस मार्ग में व्यापारी, स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चे, मंडी में आने वाले लोग और कापरेटिव बैंक में आने वाले किसानों को समस्या का सामना करना पड़ता है। नो एंट्री के समय बड़ी बड़ी गाड़ियों के परिचालन से सड़क से उड़ने वाले धूल सौरभ सिंह व गाड़ियों की धुंआ से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। लोग धूल व धुंआ से दमा बीमारी के शिकार हो रहे हैं। लोगों की समस्याओं को देखते हुए नियम विरुद्ध चलने वाली वाहनों के खिलाफ कई बार जनप्रतिनिधीयों ने आवेदन और प्रतिवेदन जिला प्रशासन को दिया है परन्तु काई कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व विधायक ने नियम विरुद्ध और नो एंट्री के समय में वाहनों का परिचालन बंद करने की मांग की है।

## रामनिवास अग्रवाल नहीं रहे

**जांजगीर चांपा।** नैला जांजगीर के समाजसेवी एवं वयोवृद्ध प्रतिष्ठित नागरिक रामनिवास



अग्रवाल भारत मिल के संचालक का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया, वे राजेंद्र अग्रवाल एवं जीतू जितेंद्र अग्रवाल के पिताजी थे, उनकी अंतिम यात्रा भारत मिल निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम नैला पहुंची उनकी अंतिम यात्रा में नगर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुखाग्निक उनके बड़े पुत्र राजेंद्र अग्रवाल ने दी वे अपने पीछे नाती पोतों से भारत पूरा परिवार छोड़ गए हैं । वहीं मुक्तिधाम में ही 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । उनका 12वां का कार्यक्रम निवास स्थान भारत मिल नैला में 30 जनवरी को संपन्न होगा वे वरिष्ठ पत्रकार पवन अग्रवाल पत्रकार स्वदेश के चाचा जी थे।

## दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में होगा सीताराम नाम महामंत्र भजन 22 जनवरी को 24 घंटे का

**जांजगीर चांपा।** जनजन के आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्म श्री रामजी



की राम जन्म भुमि राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के दिवस 22 जनवरी को प्रात 8 बजे श्रीदक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर से नेताजी चौक से होते हुए वापस हनुमान मंदिर में रेली सम्पन्न होगी। 9बजे से संगीतमय अखंड सीताराम नाम महामंत्र संकिर्तन प्ररंभ होगा 23 जनवरी मंगलवार को 9बजे सम्पन्न होगा। सीताराम महामंत्र सकिर्तन समापन पर हवन पुर्णाहुति सुन्दर काण्ड के प्रत्येक चौपाई पर आहुती दी जाएगी। 12 बजकर 19 मिनट पर रामदरबार हनुमान जी की महा आरती की जाएगी। 1बजे महा प्रसाद भंडारा किया जाएगा। शाय 4 बजे से खीर पसाद अर्पण कर वितरण किया जाएगा ।6बजे सेन्दुराभिषेक, 6:30 बजे हनुमान जी की आतिशबाजी के साथ महा आरती 7 बजे से सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ सीताराम राठौर, नन्द कुमार राठौर, लौहानी, रामकृष्ण राठौर, गौरीशंकर राठौर, राम गौपाल, राठौर, जी आर कर्ष , बालाराम राठौर, हलेश्वर दिवेद्वी, छेदीलाल यादव, के द्वारा किया जाएगा पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने समस्त कार्यक्रम भक्तजनों से भाग लेने की अपिल की हैं।

## एक दिन में 25 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड पंजीयन कर जांजगीर-चांपा जिला प्रदेश में अव्वल

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिले ने नये कीर्तिमान स्थापित किये है। एक दिन में 25 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड पंजीयन कर जांजगीर-चांपा जिला ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार 18 जनवरी 2024 गुरूवार को विशेष मेगा शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत गांवों एवं नगरीय निकायों में विभिन्न शिविरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य किया गया। इसके अंतर्गत एक ही दिन में 25 हजार 360 लोगों के आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया। इस महाअभियान के तहत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत, च्वाईस सेंटर एवं सामुदायिक भवनों में भी शिविर लगाये गये। साथ ही विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। कलेक्टर श्री छिकारा ने अधिकारियों को शिविर स्थलों का निरंतर निरीक्षण कर



प्रगति की जानकारी लेने के निर्देश भी दिये थे। इसके तहत आयुष्मान कार्ड बनने से लोगों को निःशुल्क ईलाज में मदद मिलेगी। शिविर के माध्यम से कम समय में लोगों को सेवाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

कलेक्टर ने छुटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए विशेष पहल करते हुए लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये है। इसी तारतम्य में आज जिलेभर में आयुष्मान कार्ड मेगा शिविरों का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर मुनादी के माध्यम से लोगो को शिविर की जानकारी दी गई। शिविरों में ग्रामीणजन जागरूक होकर आयुष्मान कार्ड बनवाने लिए पहुंचे। इसके अंतर्गत विकासखंड नवागढ़ में सर्वाधिक 5792 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी प्रकार विकासखंड अकलतरा अंतर्गत 3826, पामगढ़ विकासखंड में 4680, बम्हनीडीह विकासखंड में 4400 और बलौदा विकासखंड में 4616 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसके अलावा नगरीय निकाय एवं नगर पंचायतों कुल 2046 आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया गया गया है।

## अनमोल वचन

**संघर्षों की धूप में जो जलते, वह बुझ भी जाएं अगर तो भी रोशनी करते..!**

# चुनावी मकसद से चर्चा

बहुआयामी गरीबी सूचकांक को एक पूरक पैमाना ही माना गया है। जबकि कैलोरी उपभोग की क्षमता एवं प्रति दिन खर्च क्षमता दुनिया में व्यापक रूप से मान्य कसौटियां हैं, जिन्हें अब भारत में सिरे से नजरअंदाज कर दिया गया है। नीति आयोग ने कई महीने जारी अपनी रिपोर्ट को संभवतः फिर से चर्चा में लाने के लिए ताजा एक डिस्कसन पेपर तैयार किया है। इसे- मल्टीडाइमेंशनल पॉवर्टी इन इंडिया सिंस 2005-06 (भारत में 2005-06 के बाद से बहुआयामी गरीबी) नाम से जारी किया गया है। इसमें पहले वाली रिपोर्ट के इस निष्कर्ष को दोहराया गया है कि 2013-14 से 2022-23 (यानी मोदी सरकार के कार्यकाल में) तक 24 करोड़ 82 लाख लोगों को बहुआयामी गरीबी के पैमाने पर गरीबी से बाहर लाया गया। डिस्कसन पेपर में नई बात सिर्फ यह दावा है कि जिस एल्कायर एंड फॉस्टर (एएफ) विधि से यह रिपोर्ट तैयार की गई, वह वैश्विक रूप से गरीबी मापने का स्वीकृत फॉर्मूला है। जबकि कुछ अर्थशास्त्री इस विधि में मौजूद खामियों के बारे में हो चुके शोध निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए उसके सटीक होने पर सवाल उठा चुके हैं। बहरहाल, डिस्कसन पेपर जारी होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ट्विट किया। उसमें उन्होंने कहा कि यह निष्कर्ष बहुत उत्साहवर्धक है, जो समावेशी विकास के प्रति उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस तरह जब देश लोकसभा चुनाव के मोड में प्रवेश कर चुका है, एक पुरानी रिपोर्ट के जरिए सरकार की अच्छी छवि पेश करने वाली सुर्खियां पेश करने अवसर एक बार फिर मेनस्ट्रीम मीडिया को मिला है। इससे सरकार समर्थकों को कुछ टॉकिंग प्वाइंट्स मिलेंगे। उनके शोरगुल के बीच इस मुद्दे की बारीकी में जाने की कोशिशें ना के बराबर होंगी, क्योंकि गरीबी के विमर्श को सायास ढंग से आम चर्चा से बाहर कर दिया गया है। नतीजतन, जिससे विपक्ष भी कोई सार्थक बहस खड़ी करने में अक्षम दिखता है। वरना, विशेषज्ञ यह बात पहले ही चर्चा में ला चुके हैं कि बहुआयामी पैमाना इनपुट आधारित विधि है, जिसमें जो सेवाएं किसी स्थान पर उपलब्ध हैं (भले संबंधित व्यक्ति उसका उपभोग करने में अक्षम हो), उन्हें उसकी गरीबी मापने की कसौटी मान लिया जाता है। इसीलिए इसे एक पूरक पैमाना ही माना गया है। जबकि कैलोरी उपभोग की क्षमता एवं प्रति दिन खर्च क्षमता व्यापक रूप से मान्य कसौटियां हैं, जिन्हें अब भारत में सिरे से नजरअंदाज कर दिया गया है।

## राशिफल

**मेष राशि**:आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आप किसी की मदद करेंगे जिससे आपको खुशी मिलेगी। आप काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी लेकिन धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता जरूर मिलेगी। आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते हैं।

**वृष राशि**:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जाएगा। मार्किट से कोई मनपसंद वस्तु खरीदने का मन बना सकते हैं।

**मिथुन राशि**:आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आएंगे, आप भी इसका भरपूर लाभ उठाएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा।

**कर्क राशि**:आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपके घर में कोई मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, तारीफ मिलेगी। आपका पेशेंस आपको सक्सेस दिलाएगा।

**सिंह राशि**:आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। बिजनेस में वर्तमान व्यवस्था को उचित बनाए रखने में आपका समय बीतेगा। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे हैं तो आज का दिन बेहतर है।

**कन्या राशि**:आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जाएगा, आप काम करने के नए टारगेट बनाएंगे। आपका मन ईश्वर की आराधना में लगेगा आप किसी मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे।

**तुला राशि**:आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों को प्रिय बनाएगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। छात्रों को पढ़ाई या करियर से जुड़ी समस्याओं का सॉल्यूशन मिलेगा, अपनी मेहनत जारी रखें।

**वृश्चिक राशि**:आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। ऑफिस में कोई आपका विरोध कर सकता है, सहकर्मियों से ताल-मेल बनाकर रखें। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है।

**धनु राशि**:आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपका कोई रुका काम पूरा हो जाएगा। स्टूडेंट्स का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरुआत होगी। आपके घर में कोई मंगल कार्यक्रम हो सकता है, आपका दिन व्यस्तता और भाग-दौड़ में बीतेगा।

**मकर राशि**:आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरीपेशा वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी।

**कुंभ राशि**:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। परिवारजन में आपसी सामजस्य बेहतर बनेगा। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे, जहां आपको काफी शांति महसूस होगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजनीति के क्षेत्र में आपकी छवि मजबूत बनेगी।

**मीन राशि**:आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट का काम कर रहे लोगों को आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ मिलेगा। आपके माता-पिता आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपके आस-पास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगौ।

# राहुल गांधी की पिछली यात्रा से भी कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ था

//ललित गर्ग//

**कांग्रेस के नेता एवं सांसद राहुल गांधी अपने एवं कांग्रेस के राजनीतिक धरातल को मजबूती देने के लिये एक बार फिर यात्रा का सहारा ले रहे हैं। 4000 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद अब वे 6700 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकल चुके हैं। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 ज़िलों से गुजरेंगे, यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजरते महाराष्ट्र में मुंबई पर समाप्त होगी।**

कांग्रेस को जीवंतता देने एवं उसके पुनरुत्थान के लिए की जाने वाली इस यात्रा में इंडिया गठबंधन दलों एवं खुद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भीड़ जुटाने और नारे लगाने भर के लिए भागीदारी की अपेक्षा राजनीतिक संवेदनशीलता और परिपक्वता की परिचायक नहीं है। मात्र 2024 के आम चुनाव के लिये निकाली गयी यह यात्रा संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों से लिपटी है, जिसके दूरगामी परिणाम मिलना मुश्किल प्रतीत होता है। वैसे ऐसी यात्राओं से बहुत कुछ हासिल हो सकता है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछली यात्रा से न तो राहुल गांधी का कोई भला हुआ और न ही कांग्रेस का। यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने में नाकाम रही। प्रश्न है कि इस बार ऐसा क्या अनोखा होने की आशा की जा सकती है?

भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क एवं सशक्त जनाधार जुटाने का प्रभावी माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान् महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में राहुल गांधी की यह राजनीतिक यात्रा नये राजनीतिक स्तस्तिक उकेरने में कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की पिछली यात्रा का विस्तार ही है। अपने राजनीतिक कद को बढ़ाने के संकीर्ण एवं सीमित दायरों के कारण यात्रा का कोई चमत्कारी परिणाम मिलने में संदेह ही है। यात्राओं के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस की है तो फिर उसका नेतृत्व सांसद राहुल गांधी के स्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह एक तरह से परिवारवाद को नए सिरे से पोषण प्रदान करने के साथ इस बात को रेखांकित करने का प्रयास नहीं कि मल्लिकार्जुन खरगे बस नाम के अध्यक्ष हैं? कांग्रेस की दिक्क़त यह है कि उसके पास ऐसा कोई चमत्कारिक नेतृत्व नहीं रह गया है जिसके पीछे तमाम पार्टियाँ चुनावी वैतरणी पार कर जाएँ, या जिसकी एक आवाज़ पर सभी राजनीतिक दल साथ आ जाएँ। बिना राजनीतिक लाभ के विपक्षी दल कितना इस यात्रा में सहभागिता करेंगे, यह भी एक प्रश्न है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलने से पूर्व एवं निकलते ही कांग्रेस को बड़े झटके लग गये हैं। पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दे दिया और अब असम में अपूर्ब भट्टाचार्य ने कांग्रेस के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन में बिखराव एवं टूटन की स्थितियां सीटों के प्रश्न पर बनी हुई हैं। संयोजक पद की पेशकश नीतीश कुमार ने ठुकरा दी, जेडीयू का यह कदम भी एक टूटन का ही प्रतीक है। भले ही मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया का अध्यक्ष बनाकर इस टूटन को ढंकने की कोशिश हुई है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बने मतभेद छुप नहीं पा रहे। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि यात्रा से पहले सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए। जाहिर है, सहयोगी दलों के मन में कही न कहीं यह भाव भी है कि यात्रा के जरिए अगर देश का माहौल कांग्रेस या राहुल गांधी के पक्ष में बना तो उसका लाभ विपक्षी दलों को कैसे मिलेगा। जाहिर है इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस की चालाकी एवं चतुरता को महसूस कर रहे हैं। सत्ता पक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई कमजोरी फ़िलहाल तो विपक्ष एवं कांग्रेस के पास नहीं है जिसे पकड़ कर इस यात्रा में हल्ला मचाया जाए, जनाधार बटोरा जाये। उल्टे अयोध्या और श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के कारण सत्ता पक्ष मज़बूत होता जा रहा है और इसके निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने पांवों पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है। यदि कांग्रेस या विपक्षी दल इस समारोह में भाग लेते तो उन पर लगा श्रीराम-विरोध एवं हिन्दू-विरोध का तगमा नहीं लगता, भाजपा का जनाधार का विस्तार भी निश्चित ही कुछ कम होता। राजनीति तो ऐसे अवसरों को पकड़ लेने का ही खेल है। परिवार एवं व्यक्तिवादी सोच कांग्रेस की विडम्बना एवं विसंगति है। वास्तव में कांग्रेस में वही होना है, जो राहुल गांधी चाहेंगे। यह स्वाभाविक है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। इसमें वह कितना कामयाब होते हैं, यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि उनकी ओर से किन मुद्दों को उभारा जाता है और उन पर क्या कहा जाता है। यह तो तय है कि राहुल गांधी भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखेंगे, लेकिन ऐसा करते हुए वह यदि जनता का ध्यान आकर्षित करने के साथ कोई नया विमर्श खड़ा नहीं कर पाते तो बात बनने की बजाय बिगड सकती है। राहुल गांधी की समस्या यह है कि वह मोदी सरकार की आलोचना तो खूब करते हैं, लेकिन देश के समक्ष उपस्थित समस्याओं के समाधान का कोई प्रभावी तरीका नहीं बता पाते। राहुल गांधी देश को क्या जोड़ेंगे जब उनका इंडिया गठबंधन ही एकजुट नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस नेता मानें या न मानें भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता की सबसे बड़ी कसौटी विपक्ष की एकजुटता एवं चुनावी प्रदर्शन को ही माना जाएगा। इस लिहाज से न्याय यात्रा के साथ ही कांग्रेस को इंडिया गठबंधन के मोर्चे पर भी तेजी से अपने राजनीतिक कौशल को आगे बढ़ना होगा। सीटों के बंटवारे के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का काम भी जितनी जल्दी निपटाया जाएगा, मतदाताओं को अपनी एकजुटता का यकीन दिलाने में उतनी आसानी होगी। ऐसा हो गया तो इस यात्रा की सबसे बड़ी सफलता होगी। कांग्रेस भले ही न्याय यात्रा को उद्देश्य देश में फासीवादी ताकतों को रोकने, लोकतंत्र, संविधान को बचाने और भावी पीढियों के जीवन और कैरियर के निर्माण के लिए बता रही है।

यात्रा लोगों के लिए न्याय की मांग, रोजगार की कमी, बढ़ती कीमतों, अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई, सरकारी कंपनियों को बंद करने और बेचने के खिलाफ है। वहीं किसानों को उचित मूल्य दिलाने तो महिला पहलवानों और अन्य लोगों को न्याय दिलाने के लिए है। मणिपुर की हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री के उदासीन और असंवेदनशील होने की बात उठाते हुए कांग्रेस भूल रही है कि ये ऐसे मुद्दे हैं जिन पर मोदी सरकार ने ही सबसे ज्यादा ध्यान दिया है। लगता है राहुल गांधी मोदी विरोध एवं राष्ट्रीय ज्वलंत मुद्दों को उठाने के नाम पर देश के विरोध पर उतर जाते हैं। राहुल गांधी इस तरह का आचरण इसीलिए करते हैं, क्योंकि उन्हें शासन संचालन, राजनीतिक परिपक्वता के तौर-तरीकों का कोई अनुभव नहीं। पूरा विपक्ष यह नहीं समझ पा रहा है कि सत्ताधारी दल के विरोध और देश के विरोध के बीच फर्क है। सत्ताधारी दल का विरोध करना स्वाभाविक है, लेकिन उस लकीर को नहीं पार करना चाहिए, जिससे वह देश का विरोध बन जाए। राहुल गांधी के लिये सरकार और राष्ट्र के विरोध के बीच अंतर समझना आवश्यक है और अपनी इस यात्रा में वे इस तरह का विवेक एवं समझदारी प्रदर्शित कर पाये तो इससे कुछ हासिल हो सकता है।

# सिकुड़ते जनाधार के बीच अरमानों के पंख फैला कर क्या दर्शाना चाह रही है बसपा

//अजय कुमार//

**बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन पर पर राजनैतिक धुंध पूरी साफ कर दी। बसपा अकेले चुनाव लड़ेगी, यह घोषणा करके मायावती ने उन लोगों की राह आसान कर दी है जो बसपा से गठबंधन की उम्मीद में एक कदम आगे तो दो कदम पीछे चलने को मजबूर हो रहे थे। मायावती के इस फैसले के निहितार्थ भी निकाले जायेंगे तो बसपा को बीजेपी की बी टीम बताने का सिलसिला भी तेज हो जायेगा। ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि बसपा के अकेले चुनाव लड़ने का सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। वहीं कांग्रेस का मायावती के इस फैसले से उत्तर प्रदेश में पैर पसारने का सपना टूट सकता है।**

कांग्रेस जानती है कि समाजवादी पार्टी के साथ 2017 के विधान सभा चुनाव में गठबंधन का उसे कोई फायदा नहीं मिला था, जिसके चलते लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को अपना हश्र 2017 जैसा होता दिख रहा है। कांग्रेस के लिए बसपा की एकला चलो नीति इसलिए भी बड़ा झटका है क्योंकि राहुल गांधी लगातार इस बात की कोशिश में लगे थे कि बसपा भी इंडी गठबंधन का हिस्सा बन जाये। यदि ऐसा हो जाता तो निश्चित ही बीजेपी के लिए यूपी में राह मुश्किल हो सकती थी। वैसे मायावती ने चुनाव बाद गठबंधन की संभावनाओं को जिंदा रखा है। मायावती के पास करीब 18 फीसदी कोर वोटर हैं। मायावती जिस भी पार्टी से हाथ मिलाती हैं उसकी बल्ले-बल्ले हो जाती है, लेकिन दूसरी पार्टियों का वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं होता है इसीलिये मायावती गठबंधन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं रहती हैं।

मायावती के सियासी सफर की बात की जाये तो वह चार बार उत्तर प्रदेश की सीएम बन चुकी हैं, जिसमें से तीन बार वह बीजेपी के गठबंधन के साथ मुख्यमंत्री बनीं तो 2007 के विधान सभा चुनाव में मायावती को अपने दम पर बहुमत मिला और चौथी बार राज्य की सीएम वो अकेले अपनी पार्टी के दम पर बनीं थीं लेकिन इसके बाद से ही मायावती की ताक़त घटने लगी। सबसे हालिया विधानसभा चुनाव में बसपा 403 विधासभा सीटों में से महज़ एक सीट जीत पायी। पार्टी का वोट शेयर 13 फ़ीसदी था। थोड़ा और पीछे जाएं तो 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा को 403 में से 19 सीटें मिली थीं। वोट शेयर 22 फ़ीसदी था। बात लोकसभा चुनाव की करें तो साल 2019 का चुनाव बसपा ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा था, बसपा को इस चुनाव में 10 सीटें मिली थीं और सपा का खाता पांच सीटों पर सिमट गया था। इस चुनाव के बाद सपा और बसपा का गठबंधन टूट गया। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा वोट तो बहन जी को ट्रांसफ़र हुआ लेकिन इसमें उनका नुकसान हो गया। वहीं मायावती ने भी चुनाव के बाद दिए गए बयान में कहा कि सपा के साथ जाकर उन्हें चुनाव में नुक़सान हुआ। एक अनुमान के मुताबिक़ उत्तर प्रदेश में दलितों में 65 उपजातियां हैं। इनमें सबसे बड़ी आबादी जाटव समुदाय की है। कुल दलित आबादी का 50 फ़ीसदी हिस्सा जाटव हैं। मायावती खुद इसी समुदाय से आती हैं। मायावती का अब दलितों के बीच वो प्रभाव नहीं रह गया जैसा पहले हुआ करता था। उनकी पार्टी जाटवों की पार्टी बन कर रह गई है। दलितों का एक अच्छा ख़ासा तबका बीजेपी के साथ चला गया है और ये पिछले लोकसभा चुनाव में स्पष्ट दिखाई दिया। जाटव और रैदास जैसी जातियां ही अब मायावती के कोर वोटर रह गई हैं। वाल्मीकि, पासी जातियां अब मायावती के साथ नहीं हैं। अब मायावती की वो सियासी ताक़त नहीं रही, जिसके लिए वो जानी जाती थीं। वो अब वोट काट तो सकती हैं लेकिन किंगमेकर नहीं बन सकतीं। मौजूदा हालात में तो कम से कम ऐसा ही लगता है।

बहरहाल, मायवती को सबसे अधिक सियासी नुकसान भी भारतीय जनता पार्टी ने ही पहुंचाया है। साल 2014 के चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में बीजेपी की छवि बहुत बदली है। राज्य की राजनीति को क़रीब से समझने वाले लोग मानते हैं कि बीजेपी की छवि जिस तरह पहले ब्राह्मण और बनियों की पार्टी की थी आज वैसी छवि नहीं रही है। वो आज वैसी नहीं देखी जाती। अब बीजेपी का दायरा ऊंची जातियों की पार्टी से आगे बढ़ कर दलितों और पिछड़ों के बीच भी पहुंच गया है। दलितों में एक तबका बहन जी के सियासी रूप से कमजोर होने के बाद भाजपा की तरफ चला गया है। इसके अलावा बीते कुछ सालों में मायावती ने अपने पार्टी की स्थिति बेहतर करने के लिए कुछ नहीं किया है। उनकी पार्टी राजस्थान, पंजाब और मध्य प्रदेश में एक बड़ी खिलाड़ी हुआ करती थी लेकिन इन राज्यों को तो भूल जाइए वो अपने गृह राज्य यूपी में ही सिमटती जा रही है। आने वाला लोकसभा चुनाव मायावती और उनकी पार्टी के लिए अस्तित्व बचाने की लड़ाई होगी। बीते चुनावों में पार्टी का गिरता प्रदर्शन तो कम से कम इसी ओर इशारा करता है। पार्टी के घटते वोट शेयर और सीटें तो मायावती के लिए चुनौती हैं ही, उनके लिए एक बड़ी चुनौती ये भी है कि उनके बड़े नेता उनका साथ छोड़ चुके हैं या उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया या है। स्वामी प्रसाद मौर्या, लालाजी वर्मा और इंद्रजीत जैसे बड़े क़द के नेता अब उनका साथ छोड़ चुके हैं। मौजूदा सांसद दानिश अली को बहनजी ने बाहर कर दिया है। ऐसे में अकेले पार्टी को ज़िंदा रखना मायावती के लिए आने वाले चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती होगी क्योंकि उसका मुकाबला सपा और कांग्रेस के साथ-साथ मोदी की 'सेना' से भी होगा, जो लगातार दलित वोटरों को लुभाने में लगे हैं। बीजेपी लम्बे समय से दलित मतदाताओं को साधने की रणनीति पर काम कर रही है। पिछले दिनों हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी नहीं होने के बावजूद बीजेपी को सफलता नहीं मिली थी, जिससे बीजेपी को इस बात का अहसास अच्छी तरह से हो गया है कि 2024 की नैय्या दलित मतदाताओं को साधे बिना पार नहीं लगने वाली है। इसलिए बीजेपी का थिंकटैंक दलित बस्तियों में पैठ बनाने की योजना पर काम कर रहा है। बस्ती संपर्क एवं संवाद अभियान के जरिए दलित मतदाताओं में पैठ बनाने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों में अध्यक्षों को दलित बस्तियों के बीच जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बस्ती संपर्क एवं संवाद अभियान के जरिए बीजेपी की डबल इंजन की सरकार के कामों को बताया जा रहा है। बीजेपी कार्यकर्ता दलित बस्तियों में जाकर फीडबैक लेंगे। दलित बस्तियों से मिले फीडबैक को बीजेपी लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल करेगी।

## तस्वीरों की दुनिया



**शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद के 71 वें पूर्ण सत्र के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और मेघालय के मुख्यमंत्री अन्य ।**



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया राज्यपाल थावर चंद गहलोत और अन्य लोगों के साथ बेंगलुरु, कर्नाटक में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) परिसर का उद्घाटन किया।**



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ उत्तराखंड में जोशीमठ-मलारी रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 35 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।**



**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में सरयू नदी पर पहली छत पर लगी सौर नाव के उद्घाटन के दौरान।**



**विंग्स इंडिया एयरशो के दौरान विमान उड़ान भरते हुए।**



**महाराष्ट्र के सोलापुर में पीएमएवाई-यू योजना के तहत निर्मित घरों के समर्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार के साथ।**



**कांग्रेस नेता राहुल गांधी माजुली, असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नाव पर पार्टी नेताओं और समर्थकों के साथ।**

# जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने पार्टी में किए फेरबदल, वशिष्ठ नारायण-त्यागी को ताकत



पटना, 20 जनवरी [एजेंसी]।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कमान संभालने के बाद पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की बनाई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़े बदलाव किए हैं। उन्होंने बिहार प्रदेश जदयू के पूर्व अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद और पार्टी के वयोवृद्ध नेता वशिष्ठ नारायण सिंह को पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही पूर्व सांसद केसी त्यागी का भी कद-पद बढ़ा दिया है। त्यागी को राजनीतिक सलाहकार और राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। पार्टी की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नीतीश समेत कुल 22 नाम हैं। बिहार सरकार से एकमात्र मंत्री संजय झा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह दी गई है। पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह की जगह जिन लोगों को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की अफवाह उड़ रही थी, उन्हें राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। राज्यसभा के सांसद रामनाथ ठाकुर को महासचिव बनाया गया है। बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार झा भी इसी पद पर हैं। इनके अलावा पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल, पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी, विधान पार्षद आफाक अहमद खान, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री रामसेवक सिंह, राज्यसभा की पूर्व सांसद और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष का कहकशां परवीन, विधान पार्षद कपिल हरिशचंद्र पाटिल, राज सिंह मान और पूर्व विधायक सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर सुनील को भी राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। पार्टी की नई कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी लोकसभा सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन को दी गई है। वहीं विद्यासागर निषाद, राजीव रंजन प्रसाद, अनुप लाल, दयानंद राय, संजय कुमार और मो. निसार को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। वहीं पूर्व विधायक राजीव रंजन को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है।

# उत्तर भारत में कोहरे का कहर, 23 जनवरी तक अलर्ट, ठिठुरन के लिए पश्चिमी विक्षोभ जिम्मेदार



नईदिल्ली, 20 जनवरी [एजेंसी]।

ठंड का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा। पंजाब से दिल्ली-एनसीआर और पूर्वी उत्तर प्रदेश तक समूचा पूर्वोत्तर भारत भीषण शीत और घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और यूपी के लिए 23 जनवरी तक ठंड व कोहरे को लेकर रेड व ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान 2-10 डिग्री के बीच सिमटा रहेगा। पहाड़ी और मैदानी इलाकों में हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है। घने कोहरे से सड़क, रेल और हवाई सेवाएं बाधित हुई हैं।मैदानी क्षेत्रों में 2.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ कानपुर और बीकानेर सबसे सर्द रहे। मौसम विभाग के वैज्ञानिक नरेश कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के अभाव, अल-नीनो के चलते ठंड व घने कोहरे की स्थिति पांच दिन तक रह सकती है। पंजाब, हरियाणा में भी न्यूनतम तापमान 2-5 डिग्री के बीच रहा। पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद हिमाचल प्रदेश के कई जिले शीतलहर की चपेट में हैं। मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का यलो अलर्ट है। मौसम में पहली बार कुकुमसेरी में तापमान माइनस 12.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। वहीं, कश्मीर घाटी में अगले हफ्ते बर्फबारी की उम्मीद है।

# अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर फिर किया हमला, तीन एंटी-शिप मिसाइलें तबाह



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक बार फिर हवाई हमला किया है। अमेरिका के ताजा हमले में लाल सागर में हूती समूह की तीन एंटी-शिप मिसाइलें नष्ट हो गई हैं। वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि लाल सागर में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी सेना ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने यमन में हूती ठिकानों पर तीन सफल हमले किए। यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि हमला शाम करीब 6.45 बजे किया गया, जब एंटी-शिप मिसाइलों ने क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों को खतरा पेश किया। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नौवहन की रक्षा करने और समुद्री जहाजों पर हमलों को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत अमेरिकी नौसेना के जहाज लाल सागर में मौजूद हैं। 19 जनवरी को लगभग शाम 6.45 बजे यूएस सेंट्रल कमांड बलों ने तीन हूती एंटी-शिप मिसाइलों पर हमले किए, जो लॉन्च करने के लिए तैयार थे। पोस्ट में आगे कहा है कि अमेरिकी बलों ने यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों में मिसाइलों की पहचान की और निर्धारित किया कि वे क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के लिए खतरा बन सकती हैं। बाद में अमेरिकी सेना ने आत्मरक्षा में मिसाइलों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारिक जहाजों के लिए जल क्षेत्र को सुरक्षित बनाएगी।


# कश्मीर के मुसलमानों ने राम लला के लिए भेजा 2 किलो ऑर्गेनिक केसर, अफगानिस्तान से भी आए गिफ्ट



अयोध्या, 20 जनवरी।

भगवान राम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले महा आयोजन की तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शनिवार को पांचवां दिन है। अनुष्ठान की पूर्णाहुति 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होगी। पूरा देश बेसब्री से उस दिन का इंतजार कर रहा है। हर शहर में दिवाली जैसी की तैयारियां हो चुकी हैं। क्या मॉल, क्या गगनचुंबी इमारतें और क्या आम परिवारों के घर, सभी को सजाया गया है। लोग उस दिन दिवाली मना सके, इसके लिए पटाखों की दुकानें लगाई गई हैं।

## अलीगढ़ से दुनिया का सबसे बड़ा ताला और हैदराबाद से 1265 किलो लड्डू प्रसाद पहुंचा अयोध्या



**अयोध्या।** 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देशभर से अनूठी चीजें अयोध्या पहुंच रही हैं। अब लगभग 400 किलोग्राम वजनी ताला और चाबी अलीगढ़ से अयोध्या पहुंचा गया है। इसे बनाने में 6 महीने का समय लगा है। इसे बनाने वाले का कहना है कि यह ताला उन लोगों के मुंह पर लगाने के लिए है जो कभी कहते थे कि राम काल्पनिक हैं और कभी पूछते थे कि मंदिर कब बनेगा। एक भक्त हैदराबाद से 1,265 किलो का लड्डू लेकर अयोध्या पहुंचा। इसे प्रसाद के रूप में भगवान को चढ़ाया जाएगा। इन लड्डुओं को तैयार करने वाले श्री राम कैटरिंग सर्विसेज के एन नागभूषणम रेड्डी ने बताया, भगवान ने मेरे व्यवसाय और मेरे परिवार को आशीर्वाद दिया है।

# आज नवनिर्मित मंदिर में प्रवेश करेंगे विराजमान रामलला, 23 जनवरी से भक्तों को देंगे दर्शन



**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के क्रम में शनिवार को 81 कलशों के विविध औषधियुक्त जल से रामलला के अचल विग्रह को स्नान कराया जाएगा। वहीं, अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला की चल मूर्ति भी शनिवार को नवनिर्मित गर्भगृह में प्रवेश करेगी। राममंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल राव ने बताया कि अस्थायी मंदिर में विराजमान रामलला की चल मूर्ति समेत अन्य प्रतिमाओं को शनिवार को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कराया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में शनिवार को रामलला का शक्कर व फल से अधिवास कराया जाएगा। इसके लिए यज्ञ, हवन, वेदों के पारायण समेत अन्य अनुष्ठान होंगे।

रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को शनिवार से तीन दिनों तक रामलला के दर्शन नहीं होंगे। 20 व 21 को अस्थायी राममंदिर में दर्शन बंद रहेगा, जबकि 22 जनवरी को नए मंदिर में रामलला की अचल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस दिन केवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मौजूद अतिथियों को ही दर्शन मिलेगा। आम श्रद्धालु 23 को ही नए मंदिर में रामलला के दर्शन कर पाएंगे।

## संघर्ष बढ़ा तो उनकी खैर नहीं..., लेबनान के गांवों पर हमलों के बीच हिज्बुल्लाह की इस्राइल को धमकी



**बेरूत।** इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध पर हिज्बुल्लाह ने इस्राइल को कड़ी चेतावनी दी है। लेबनान के ईरान समर्थित आतंकी समूह के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अगर युद्ध का विस्तार लेबनान सीमा तक हुआ तो इस्राइल को इसका गंभीर खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पिछले साल सात अक्तूबर को दक्षिणी इस्राइल पर हमास के हमले के दौरान इस्राइल और हिज्बुल्लाह के बीच सीमा पर भी जमकर गोलीबारी हुई थी। इस्राइल से सटे सीमावर्ती गावों पर भी बमबारी की थी।

# सरकार का है प्रयास, श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन व ईमानदारी का हो राजः मोदी



सोलपुर, 20 जनवरी [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार पहले ही दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन और ईमानदारी का राज हो। उन्होंने लोगों से 22 जनवरी को 'राम ज्योति' जलाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह उनके जीवन से गरीबी हटाने की प्रेरणा होगी। उन्होंने कहा, ''मोदी की गारंटी का मतलब है 'गारंटी पूरी होने की गारंटी'। भगवान राम ने हमें किए गए वादों का सम्मान करना सिखाया और हम गरीबों के कल्याण और उनके सशक्तीकरण के लिए निर्धारित सभी लक्ष्यों को पूरा कर रहे हैं।'' प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के सोलापुर में राज्य में लगभग 2,000 करोड़ रुपये की आठ अमृत (कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन) परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत पूरे किए गए 90,000 से अधिक घरों को भी लाभार्थियों को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने सोलापुर में रायनगर हाउसिंग सोसाइटी के 15,000 घरों को समर्पित किया, जिनके लाभार्थियों में हजारों हथकरघा श्रमिक, विक्रेता, बिजली करघा श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक और चालक शामिल हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र में पीएम-स्वनिधि के 10,000 लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त के वितरण की भी शुरुआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री कुछ पल के लिए भावुक भी हो गए। उन्होंने रूंधे गले से कहा कि काश ! उन्हें युवा अवस्था में ऐसे घरों में रहने का अवसर मिला होता। उन्होंने कहा, ''खुशी तब मिलती है जब लोगों के सपने सच होते हैं। उनका आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।'' जिन लोगों को मकान मिले हैं, उनसे 22 जनवरी को राम ज्योति जलाने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि यह उनके जीवन से गरीबी मिटाने की प्रेरणा होगी। उन्होंने कहा, ''भगवान राम ने वह काम किया जिससे उनके लोगों को खुशी मिली। मेरी सरकार गरीबों के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। हमने उनकी कठिनाइयों को कम करने के लिए योजनाएं शुरू कीं।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो गई है।

मोदी ने कहा कि घरों और शौचालयों का निर्माण 10 वर्षों में हुआ है क्योंकि इन सुविधाओं की कमी गरीबों, विशेषकर महिलाओं के लिए अपमानजनक थी। उन्होंने कहा, ''हमने महिलाओं के लिए मोदी की 'इज्जत की गारंटी' वाले 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया है और अब तक चार करोड़ से ज्यादा पक्के घर उपलब्ध कराए।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों का कल्याण और श्रमिकों की गरिमा पर उनकी सरकार का ध्यान रहा है। उन्होंने लोगों से बड़े सपने देखने की अपील करते हुए कहा कि भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाना विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''आपका सपना मेरा संकल्प है और यह मोदी की गारंटी है।'' मोदी ने कहा कि 'गरीबी हटाओ' पहले सिर्फ एक नारा था क्योंकि योजनाएं लाभार्थियों तक नहीं पहुंचती थीं। 'आधी, रोटी खायेंगे' के नारे को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी गारंटी के तहत आप पूरी रोटी खाएंगे।

# चिराग पासवान ने स्वीकार किया निमंत्रण, बोले- अयोध्या जाऊंगा और भव्य समारोह का बनूंगा साक्षी



पटना, 20 जनवरी [एजेंसी]।

एनडीए के मुख्य घटक लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शुक्रवार को खुलासा किया कि वह अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से महासचिव चंपत राय द्वारा उन्हें भेजे गए निमंत्रण को साझा करने के लिए उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया। यह कहते हुए कि वह 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे, उन्होंने कहा, जय श्री राम! मैं भी अयोध्या जाऊंगा और भव्य अभिषेक समारोह का गवाह बनूंगा। इस महीने की शुरुआत में, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया था।

अखिलेश ने यह जरूर कहा कि वह बाद में अपने परिवार के साथ मंदिर जाएंगे। सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी सहित कांग्रेस के कई दिग्गजों ने पहले ही प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। अयोध्या के ऐतिहासिक राम मंदिर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी।

अयोध्या में राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए वैदिक अनुष्ठान मुख्य समारोह से एक सप्ताह पहले मंगलवार को शुरू हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पहले ही अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान शुरू कर दिया है।

# 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों के साथ गोवा की लोकसभा सीट पर बात कर रही आपः केजरीवाल

AAP Aam Aadmi Party

नईदिल्ली, 20 जनवरी [एजेंसी]।

आप नेता ने कहा, हम समझ सकते हैं कि हम दिल्ली और पंजाब में ऐसा कर सकते हैं क्योंकि हम वहां सत्ता में हैं। लेकिन गोवा में विपक्ष में रहते हुए भी वेंजी ने ये क्लीनिक खोले। मैंने उनसे पूछा तो उन्होंने मुझे बताया कि ये क्लीनिक दान के आधार पर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का कर्तव्य है। केजरीवाल ने गोवा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने (सरकार) ऐसा नहीं किया क्योंकि उनका ऐसा करने का इरादा नहीं है। कोई कल्पना कर सकता है कि अगर आम आदमी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आती है तो गोवा में किस तरह का विकास होगा।'' उन्होंने कहा, कोई भी सरकार यह बहाना नहीं कर सकती कि उसके पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं हैं। अगर कोई सरकार ऐसा कहती है, तो इसका मतलब है कि वे पैसों में हेरफेर कर रहे हैं। केजरीवाल और मान राज्य की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत बृहस्पतिवार को गोवा पहुंचे थे। आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को संकेत दिया कि वह गोवा से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छुक है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनका दल विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के साथ तटीय राज्य में एक सीट को लेकर बातचीत कर रहा है। गोवा में लोकसभा की दो सीट हैं- उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा। केजरीवाल ने हालांकि यह नहीं बताया कि उनकी पार्टी दोनों में से किस सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। केजरीवाल ने दक्षिण गोवा के बेनोलिम विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आम आदमी पार्टी 'इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन के हिस्से के रूप में गोवा सीट पर चर्चा कर रही है। एक बार कुछ तय हो जाने पर हम आपके पास वापस आएंगे।बातचीत जो भी हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार को वोट जरूर दें। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक, आप की गोवा इकाई के प्रमुख अमित पालेकर, विधायक वेंजी वेगास भी मौजूद थे। केजरीवाल ने आगे कहा कि आप काम की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, अतीत में किसी ने भी काम की राजनीति नहीं की क्योंकि उनका इरादा केवल अपने लिए पैसा कमाना था। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सफलतापूर्वक 550 'मोहल्ला क्लीनिक' संचालित कर रही है।

# इंदौर के "अनाथालय" में सजा के नाम पर बच्चों से क्रुर बर्ताव के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज



इंदौर, 20 जनवरी [एजेंसी]।

इंदौर में प्रशासन द्वारा सील किए गए एक तथाकथित अनाथालय में सजा के नाम पर बच्चों से क्रूर बर्ताव के आरोप में पांच महिलाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उधर, बच्चों का परिसर चलाने वाली एक गैर सरकारी संस्था ने इसे अनाथालय के बजाय छात्रावास बताया है और प्रशासन की कार्रवाई को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती देते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने विजय नगर क्षेत्र में वात्सल्यपुरम नाम के कथित अनाथाश्रम को अवैध संचालन के आरोप में 12 जनवरी को सील कर दिया था और इसमें रह रहीं 21 लड़कियों को राजकीय बाल संरक्षण आश्रम और एक अन्य संस्था में भेज दिया था। इन लड़कियों की उम्र चार से 14 साल के बीच है। अधिकारी के मुताबिक कथित अनाथालय में रहने वाली लड़कियों ने बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को बताया कि इस परिसर में सजा के नाम पर बच्चों से क्रर बर्ताव किया जाता था। उन्होंने 17 जनवरी की रात दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में कहा कि चार साल की एक बच्ची ने जब अपने कपड़े गंदे कर दिए थे,तो उसे पिटाई के बाद कई घंटों तक बाथरूम में बंद रखा गया और दो दिन तक खाना भी नहीं दिया गया। प्राथमिकी में यह आरोप भी लगाया गया है कि कथित अनाथालय में बच्चों को उल्टा लटका दिया जाता था और नीचे गर्म तवे पर लाल मिर्च रखकर धूनी जलाई जाती थी। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी में दो बच्चों को एक नाबालिग लड़की के हाथों गर्म चिमटे से जबरन दगवाए जाने और एक लड़की को अन्य बच्चों के सामने निर्वस्त्र किए जाने के बाद भट्टी के पास ले जाकर जलाने की धमकी दिए जाने के भी आरोप हैं।

उधर, वात्सल्यपुरम परिसर चलाने वाली संस्था वात्सल्यपुरम जैन वेलफेयर सोसायटी ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। संस्था के वकील विभोर खंडेलवाल ने पीटीआई- से कहा,''वात्सलयपुरम कोई अनाथालय नहीं, बल्कि एक छात्रावास है जहां महज पांच रुपये की वार्षिक फीस में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की देखभाल की जाती है।'' खंडेलवाल ने दावा किया कि प्रशासन ने ''अनधिकृत तौर पर'' वात्सल्यपुरम को सील किया और इसमें रह रहे बच्चों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाते वक्त तय कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठाः 22 जनवरी को महाराष्ट्र चंडीगढ़ व पुडुचेरी में पूरे दिन का अवकाश

नईदिल्ली, 20 जनवरी।

अयोध्या के राम मंदिर में सोमवार को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर महाराष्ट्र तथा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और पुडुचेरी ने 22 जनवरी को पूरे दिन का सरकारी अवकाश घोषित किया है जबकि गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा और हरियाणा में सोमवार को कार्यालय एवं संस्थान आधे दिन बंद रहेंगे। महाराष्ट्र सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि 22 जनवरी को राज्य में सरकारी छुट्टी घोषित करने का फैसला किया गया है। वहीं, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने शुक्रवार को घोषणा की कि 22 जनवरी को केंद्र शासित प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने कहा कि सोमवार को राज्य सरकार के सभी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान और उपक्रम बंद रहेंगे। यहां केंद्र प्रशासित जेआईपीएमईआर ने भी अयोध्या के राम मंदिर में अभिषेक के समारोह के मद्देनज़र 22 जनवरी को दोपहर ढाई बजे तक आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की और मरीजों को इस अवधि के दौरान बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में आने से बचने की सलाह दी।

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासन ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अपने कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित किया है। केंद्र शासित प्रदेश के गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का 22 जनवरी को पूरे भारत में उत्सव मनाया जाएगा। कर्मचारी इस उत्सव में भाग ले सकें इसके लिए यह निर्णय लिया गया है कि चंडीगढ़ प्रशासन के तहत सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, औद्योगिक प्रतिष्ठान सहित अन्य संस्थान 22 जनवरी को बंद रहेंगे।

राजस्थान सरकार ने जयपुर में जारी एक आदेश में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर राज्य में 22 जनवरी को राजस्थान में आधे दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। आदेश के मुताबिक, सोमवार को राज्य सरकार के समस्त राजकीय कार्यालयों, राजकीय उपक्रमों एवं शिक्षण संस्थानों में अपराह्न दो बजे तक सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

## नोएडा से जुड़ा रबूपुरा स्थित शांति देवी राजकीय विश्वविद्यालय, धीरेंद्र सिंह के अथक प्रयासों से हुआ संभव

रबूपुरा, 20 जनवरी [एजेंसी]।

जेवर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री धीरेंद्र सिंह ने आज रबूपुरा से नोएडा तक की बस सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बसों से रबूपुरा और आस-पास के क्षेत्र के छात्रों और ग्रामीणों को उच्च शिक्षा और अन्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। धीरेंद्र सिंह ने बताया कि इन बसों से रबूपुरा से गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, परीचौक, कलेक्ट्रेट, जिला न्यायालय और विकास भवन होते हुए नोएडा तक का सफर किया जाएगा। इससे रबूपुरा स्थित शांति देवी राजकीय महाविद्यालय आने वाले छात्रों को विशेष फायदा होगा, क्योंकि यह विश्वविद्यालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के मुख्य कैंपस से संबद्ध है।धीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह बस सेवा उनका एक सपना था, जिसे वे आज साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे जेवर के ग्रामीण क्षेत्र के विकास को एक नया आयाम मिलेगा, और बहन-बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में एक सुनहरा अवसर मिलेगा साथ ही वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस बस सेवा से उनके क्षेत्र के छात्रों और ग्रामीणों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास मिलेगा।

# राजस्व विभाग में गड़बड़झाला

## नहर की जमीन का फर्जीवाड़ा, महिला पटवारी सहित चार के खिलाफ केस दर्ज




**कोरिया बैकुंठपुर।** नहर की जमीन को प्राइवेट बताकर खरीदी-बिक्री करने वाले महिला पटवारी सहित चार आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध हुआ है। प्रशिक्षु डीएसपी एवं बैकुंठपुर थाना प्रभारी रविकांत सहारे से मामले की जांच कराई गई। शिकायतकर्ता ने शिवपुर चरचा निवासी अली हसन ने 10 नवंबर 2022 को थाना चरचा में शिकायत पत्र प्रस्तुत किया था। जिसमें बताया गया कि ग्राम मण्डलपारा स्थित खसरा नंबर-83/2 की भूमि को गोविंद दास एवं तत्कालीन पटवारी वंदना कुजूर की आपसी मिलीभगत से निजी बता 503000 रुपए में सौदा कर रजिस्ट्री कराए थे। लेकिन बाद में पता चला की जमीन गेज परियोजना की भूमि है। गोविंद दास की भूमि बताकर 5 डिस्मिल जमीन की रजिस्ट्री कर धोखाधड़ी की गई है। शिकायत में घटना स्थल ग्राम मंडलपारा थाना बैकुंठपुर एरिया का होने से चरचा से बैकुंठपुर को भेजा गया। शिकायत की जांच में पाया गया कि गोविंद दास एवं तत्कालीन हल्का पटवारी वंदना कुजूर ने एक राय होकर अपराधिक षडयंत्र रच जल संसाधन गेज परियोजना की जमीन की गड़बड़ी की है। ग्राम मण्डलपारा स्थित खसरा नंबर 83/2 में से रकबा 0.020 हेक्टेयर भूमि को राजस्व अभिलेख में गोविंद दास के नाम विलोपित नहीं होने एवं जल संसाधन का नाम अंतरित नहीं होने का लाभ उठाया गया। फर्जी चौहददी भूमि का गोविंद दास के नाम पर बनाया गया। यह जानते हुए कि वह भूमि गोविंद की नहीं है। फर्जी चौहददी को असली चौहददी के रूप में रजिस्ट्रार ऑफिस के रूप पेश कर हैदर अली निवासी चरचा के नाम रजिस्ट्री कर 503000 रुपए की ठगी की गई थी। इसी प्रकरण में अक्टूबर 2022 में पटवारी निलंबित हो चुकी हैं। मामले में पूर्व भूमि स्वामी गोविंद दास, हल्का पटवारी वंदना कुजूर, रजिस्ट्री के गवाह देवेंद्र प्रसाद पिता गोविंद दास निवासी मण्डलपारा, मो. इबरार पिता मो नयूम निवासी कचहरीपारा बैकुंठपुर के विरूद्ध विवेचना में लिया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### पटवारी ने तीन लाख नकद और विक्रेता ने 2.3 लाख का लिया था चेक

मामले में पूर्व भूमि स्वामी गोविंद दास, हल्का पटवारी वंदना कुजूर, रजिस्ट्री के गवाह देवेंद्र प्रसाद पिता गोविंद दास निवासी मण्डलपारा, मो. इबरार पिता मो नयूम निवासी कचहरीपारा बैकुंठपुर के विरूद्ध विवेचना में लिया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। प्रार्थी ने शिकायत में उल्लेख किया है कि अपने स्व. पिता हैदर अली मकान बनाने जमीन देखने मंडलपारा गए थे। जहां पटवारी वंदना कुजूर मिली थी। उसने हमाी देखी जमीन को ठीक नहीं बताया और कहा कि मैं एक जमीन बता रही हूं। उसे लिजिए बहुत ही अच्छी जगह पर जमीन है। फिर पटवारी वंदना कुजूर ने खसरा नंबर-83/2 जमीन को दिखाया। जमीन पसंद करने पर पटवारी ने सभी रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार की। जमीन की कीमत के रूप में पटवारी ने तीन लाख नकद और दो लाख तीन हजार का चेक गोविंद दास के नाम पर लिया गया।

### जन संसाधन से नोटिस मिला, तब मामले का खुलासा हुआ

प्रार्थी ने शिकायत में लिखा है कि 29 मई 2020 को एसडीओ गेज परियोजना ने नोटिस थमाया। जिसमें उल्लेख था कि खसरा नंबर-83/2 शासकीय भूमि है। तत्काल अतिक्रमण को खाली करें। नोटिस मिलते ही पिता और मैं परेशान हो गए। मामले में अपने साथ छल एवं धोखाधड़ी की तहसीलदार बैकुंठपुर को शिकायत सौंपी। जिससे तहसीलदार की जांच के आधार पर पटवारी वंदना कुजूर को निलंबित कर दिया गया है। वहीं सदमे से मेरे पिता मानसिक रूप से काफी परेशान थे। जिससे हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई।



## श्रम विभाग द्वारा आयोजित शिविर में श्रमिकों के 158 आवेदनों का हुआ निराकरण

**कोरिया/बैकुंठपुर।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के पंजीयन/नवीनीकरण तथा विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से श्रमिकों को लाभान्वित करने हेतु कोरिया जिले के विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम पंचायत छिंदिया एवं विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम पंचायत चिरमी में शिविर/मोबाईल कैम्प का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत छिंदिया में शिविर में श्रमिकों से पंजीयन/नवीनीकरण के 85 आवेदन तथा ग्राम पंचायत चिरमी में 73 आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया गया। श्रम पदाधिकारी ने शिविर में बताया कि श्रमिक आवष्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लाभ ले सकते है।

## प्रतापपुर के दवनकरा धान खरीदी केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** प्रतापपुर के दवनकरा की धान खरीदी केंद्र पर कलेक्टर रोहित व्यास ने आज निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपार्जन केंद्र के प्रबंधक से धान खरीदी से संबंधित पंजी प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने बारीकी से धान खरीदी रजिस्टर, निरीक्षण पंजी, बारदाना पंजी व निरीक्षण पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान की गुणवत्ता का परीक्षण भी कराया। इसके साथ ही उन्होंने धान उपार्जन केंद्र में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को रकबा समर्पण के नियमित एंट्री के लिए निर्देशित किया।

# धुआं से मिलेगी मुक्ति, समय पर मिलेगा भोजन: रामतिन बाई



**कोरिया बैकुंठपुर।** मैं बहुत खुश हूं कि आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगे शिविर पर हमें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस मिला। अब धुंआ से मुक्ति मिलेगी, आंख से आंसू निकलना बंद होगा और परिवार को समय पर भोजन बनाकर भी दे पाऊंगी। मैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने हम जैसे गरीब महिलाओं के दर्द को जाना, समझा और समाधान किया। सुबह से जंगलों में लकड़ियां बिनने जाती थीं, जंगली-जानवरों का डर अलग होता था। तन और मन को आज इस शिविर से राहत मिला है। मैं मोदी जी का आभार व्यक्त करती हूं कि जिन्होंने बड़े लोगों की तरह हम जैसे गरीब लोगों को भी गैस चूल्हा में भोजन बनाने की सुविधा प्रदान किए हैं। यह कहानी नहीं बल्कि केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत आज कोरिया जिले के नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा एवं बैकुण्ठपुर में शिविर में मिली गैस चूल्हा के लाभान्वित शिवपुर-चरचा तथा बैकुण्ठपुर के हितग्राही करीब 30 वर्षीय श्रीमती रामबाई, 55 वर्षीय श्रीमती मानकुंवर बाई, 25 वर्षीय श्रीमती दुर्गा साथी, 35 वर्षीय फूलबासन बाई, 31 वर्षीय श्रीमती ऊषा बाई ने साझा की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज जिले की शिवपुर-चरचा तथा बैकुण्ठपुर नगर पालिका परिषद में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राही पहुंचे हुए थे। लाभान्वित हितग्राहियों ने बहुत ही उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे थे कि उन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस-चूल्हा प्राप्त हुआ। उन्होंने अपनी बीते दुख-तकलीफों को साझा करते हुए बताया कि किस तरह चूल्हा से भोजना बनाना पड़ता था, इसके लिए पहले उन्हें लकड़ी के लिए जंगल जाना होता था, वहीं भोजन बनाते समय धुआं के कारण खांसी और आंख से आंसू बहते थे। अब गैस-चूल्हा मिलने से निश्चय ही इस समस्या से छुटकारा मिलेगा। श्रीमती फूलबासन बाई कहती है कि यहां के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह भी बहुत संवेदनशील है, उनके प्रयास ही हमें इन योजनाओं की जानकारी मिली है और उसका लाभ भी मिला है। श्रीमती ऊषा बाई ने अन्य पात्र हितग्राहियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस योजना के लिए जरूरी कागजात स्थानीय नगर पालिका परिषद में जमा करें और मोदी सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाएं। यह योजना परिवार के लिए और पर्यावरण के लिए भी बहुत कल्याणकारी बताया, क्योंकि गैस चूल्हा होने से पेड़ की कटाई भी रूकेगी और हरियाली भी बने रहेगी।

## कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा तहसील कार्यालय प्रतापपुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी राजस्व प्रकरणों के ई कोर्ट की एंट्री, जुर्माने, आदेशिका, अभिलेख की पासबुक, रकम पाने की रसीद, कैशबुक, स्थानीय डाक बुक, राजस्व अभिलेखों का निरीक्षण पुस्तक इत्यादि का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने क्रमवार लोकसेवा केंद्र, कानूनगो शाखा, नजीर शाखा, कंप्यूटर शाखा इत्यादि का निरीक्षण किया। राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण हो इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

## आंगनबाड़ी व शासकीय प्राथमिक शाला का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आंगनबाड़ी केंद्र प्रतापपुर का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चों के नाश्ते और दोपहर के खाने के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही आंगनबाड़ी में कितने बच्चे आते हैं उसकी जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी सहायिकाओं को बच्चों का सर्वांगीण विकास हो।

# स्व. अंजनी मिश्रा क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता रही कटकोना क्रिकेट टीम



**कोरिया बैकुंठपुर।** कटकोना के खेल मैदान में आयोजित स्व. अंजनी मिश्रा क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला गुरूवार को पटना एवं कटकोना क्रिकेट टीम के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पटना क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने 12 ओवरों में 80 रन बनाकर 81 रनों का लक्ष्य कटकोना क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को दिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए पीच में उतरे कटकोना क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने 9 ओवर 4 बाल में 81 रन बनाकर फाईनल मैच का खिताब अपने नाम कर लिया।

मुख्य अतिथि बीएन झा मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुन्ठपुर, अध्यक्षता कर रहे सहक्षेत्र प्रबंधक आरके मंड़ल के हाथों विजेता टीम को 25 हजार रूपए नगद एवं शील्ड, उप विजेता टीम को 12500 रूपए नगद एवं शील्ड के साथ साथ सभी खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैन आंफ द मैच का पुरस्कार राकेश चक्रधारी एवं मेन आफ द सिरीज शनि देवांगन को प्रदान किया गया। कटकोना कालरी के खेल मैदान में पिछले पांच वर्षों से स्व. अंजनी मिश्रा प्रतियोगिता का आयोजन उनके बड़े भाई योगेन्द्र मिश्रा व कोल परिवार के सदस्यों किया जा रहा है इस वर्ष प्रतियोगिता का शुभारंभ स्व. अंजनी मिश्रा के जन्म दिवस के दिन 8 जनवरी को हुआ। प्रतियोगिता 11 दिनों तक चली जिसमें स्थानिय एवं दूरस्थ स्थानों की 16 क्रिकेट टिमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला एसईसीएल बैकुन्ठपुर एरिया महाप्रबंधक बीएन झा के मुख्य आतिथ्य में एवं सहक्षेत्र प्रबंधक कटकोना आरके मंड़ल के अध्यक्षता में खेला गया, विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रिय कार्मिक प्रबंधक आरआरआर लकड़ा, क्षेत्रिय सुरक्षा अधिकारी एस भट्टाचार्य, खान प्रबंधक कटकोना 1/2 एसके पाण्ड़ेय, खान प्रबंधक पाण्ड़वपारा बीके पाण्डेय, क्षेत्रिय संयुक्त सलाहकार समिति एसईसीएल बैकुन्ठपुर क्षेत्र के सदस्य हरि यादव, महेश यादव, लक्ष्मी प्रसाद, कमलेश्वर सिंह बघेल, एके सोनकपुरिया, जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े, सुनिता कुर्रे, जनपद पंचायत बैकुन्ठपुर अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह कुसरो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, रविशंकर शर्मा, क्षेत्रिय कल्याण समिति सदस्य एसईसीएल बैकुन्ठपुर कौशलेन्द्र त्रिपाठी, राजेन्द्र गुप्ता, अशोक दुबे, रामजी पाण्ड़े, शेषमणी पटेल, लाल बहादुर सिंह, मनोज गामा, सुनिल विश्वकर्मा, नरेन्द्र सिंह, पटना सरपंच गायत्री सिंह, कटकोना सरपंच बिरंची सिंह, पूर्व जनपद सदस्य रेखा देवांगन, पूर्व सरपंच लक्ष्मण नायक शामिल रहे। इस अवसर पर स्व. अंजनी कुमार मिश्रा के पिता यूएस मिश्रा, माता श्रीमती मालती मिश्रा, बहनोई राकेश शुक्ला व परिवार के सदस्य भी कार्यक्रम उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुन्ठपुर बीएन झा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए हार जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है, जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए वहीं आयोजन समिति को भी सभी टीमों को उचित व्यवहार के साथ खेलाना चाहिए जिससे आपसी प्रेम भाव बढ़े, इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष सहक्षेत्र कार्मिक प्रबंधक विनोद कुमार, योगेन्द्र मिश्रा, अजय सिंह, अशोक दुबे, शेषमणी पटेल, सुनिल विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह, अजीत राय, आफताब अंसारी, शिव प्रसाद, रमेश देवांगन, रविन्द्र कुमार ने समस्त अतिथियों का शाल, श्रीफल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम छोटे भाई की याद में विगत पांच वर्षों से किया जा रहा है, मंच का सफल संचालन मुकेश गुप्ता ने किया, आए हुए समस्त अतिथियों का आभार योगेन्द्र मिश्रा ने किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश शर्मा, ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष ब्रिजनारायण मिश्रा, ध्रुव नाथ तिवारी, ज्ञानदत्त तिवारी, शैलेन्द्र शर्मा, राहुल मिश्रा, मनोज पाण्ड़ेय, विनोद शर्मा, केके शर्मा, अभिषेक दुबे, नीतिन शर्मा, विवेकानंद चौबे, राघवेन्द्र तिवारी, अनिल द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, अनिल पाण्ड़ेय, राजेन्द्र सिंह, गोपाल यादव, देवेन्द्र जायसवाल, विरपाल सिंह, रूप चंद गुप्ता, प्रताप सिंह, लालमन सिंह, गंगा गुप्ता, आशीष शुक्ला, सच्चीतानंद द्विवेदी शामिल रहे। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में अज्जु सेन, राकेश चक्रधारी, शनि, विकास, आलोक, सत्येन्द्र, भूपेन्द्र, अजय देवांगन, अजय टेलर, हेमु, नागेश्वर, अभय सिंह, संदीप, मनोज सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सोनू बखला, कमलेश गुप्ता, जय प्रकाश साहू, उमेश कुर्रे, विक्की सावरे, भोले देवांगन, पवन यादव, पियुष यादव, आनंद राजवाड़े, संतोष, धर्मराज आदि का सराहनिय योगदान रहा।

# आयुष्मान कार्ड से मिली नई उम्मीद और भरोसा



**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुण्ठपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे करीब 65 वर्षीय सरजू राम ने बताया कि आयुष्मान कार्ड मिलने की खुशी में कहा 'अब हमर परिवार के फोकट म इलाज होही'। बैकुण्ठपुर निवासी श्री सरजू राम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कि उन्होंने, गरीब, मजदूर वर्ग के लिए अनेक हितकारी योजनाएं शुरू की है और उनमें से आयुष्मान कार्ड भी है, जिसके बदौलत अब पांच लाख रूपए तक की इलाज कराएंगे। बीमारी से परिवार ही नहीं बल्कि घर भी बरबाद हो जाता है, भगवान न करें किसी को कोई भी बीमारी हो। लेकिन इस भगमभाग जिन्दगी में बीमारी, दुर्घटना की आशंका बनी होती है, ऐसे में हम जैसे गरीब तबकों के लिए यह आयुष्मान कार्ड से एक नई उम्मीद और भरोसा बन कर आया है। बता दें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरा चरण आज नगरीय निकाय बैकुण्ठपुर तथा शिवपुर-चरचा में आयोजित की गई थी। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। एक तरफ शिविर में अलग-अलग योजनाओं के पात्र हितग्राही अपने आवेदन जमा कर रहे थे, तो दूसरी ओर पात्र हितग्राहियों को तत्काल लाभ भी दिया जा रहा था। इसी कड़ी में सरजू राम को आयुष्मान कार्ड मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब इस कार्ड से निःशुल्क इलाज होगा और परिवार को आर्थिक रूप से भार भी नहीं आएगा। जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगातार मुहिम चलाया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विगत दिनों बैठक में अधिकारियों के निर्देश दिए थे कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान जरूरतमंद लोगों का आष्युमान कार्ड बनाया जाए, इसी कड़ी में आज बड़ी संख्या में आयुष्मान बनाने के लिए लोग पहुंचे हुए थे।

### 48 वां स्वर्ण कप फुटबॉल टूर्नामेंट

## लुधियाना को हराकर कश्मीर की टीम पहुंची सेमी फाइनल में



**चरचा कालरी।** एसईसीएल चरचा कालरी के महाजन स्टेडियम में आयोजित 48 वां अखिल भारतीय सेशन स्मृति स्वर्ण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के सातवें दिन शुक्रवार को डाउन टाउन फुटबॉल क्लब कश्मीर एवं लुधियाना फुटबॉल क्लब पंजाब के बीच संघर्षपूर्ण मैच खेला गया। इस मैच में कश्मीर की टीम ने समय पूर्व ही दो गोल की बढ़त ले ली जो अंततः कायम रही लुधियाना के टीम के खिलाड़ी काफी प्रयास करते नजर आए किंतु उनका प्रयास गोल में नहीं बदल सका मैच जीतने के पश्चात कश्मीर की टीम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल राउंड में पहुंच गई इसके पहले तमिलनाडु पुलिस की टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हैमसागर यादव श्रमिक नेता के सौजन्य से मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार ,डॉ अशोक विराजी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा ,हरि यादव क्षेत्रीय अध्यक्ष एचएमएस यूनियन के द्वारा कश्मीर के खिलाड़ी जर्सी नंबर 10 हयात बसीर को दिया गया हयात बसीर ने बहुत ही शानदार मैदानी शॉट मार कर अपने टीम को विजय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात खिलाड़ी हयात बशीर ने कहा कि बहुत ही शानदार आयोजन है यह हमारा सौभाग्य की हमें इस टूर्नामेंट में खेलने का अवसर मिला है सब का सहयोग मिल रहा है। प्रतियोगिता में चल रहे शानदार फुटबॉल मैच की श्रृंखला में शनिवार के दिन दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा यह मैच दिल्ली फुटबॉल क्लब और कोलकाता पश्चिम बंगाल की टीम के बीच खेला जाएगा इसके पश्चात दूसरा मैच पठानकोट व ग्वालियर मध्य प्रदेश होगा।

# जागरूक बने,शासन की योजनाओं का लाभ लें :विनय लगेह




**चरचा कालरी।** नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा के द्वारा स्थानीय श्रमवीर स्टेडियम परिसर में देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशों के तहत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लैगशिप स्कीम के प्रचार प्रसार व हितग्राहियों में जागरूकता लाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन विनय लगेह कलेक्टर कोरिया , डॉ आशुतोष चतुर्वेदी सीईओ जिला पंचायत कोरिया, राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा, अरुण जायसवाल मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा सहित गणमान्य जन प्रतिनिधियों व नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रगान के पश्चात विकसित भारत हेतु शपथ लिया गया शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल भी लगाए गए थे संकल्प यात्रा शिविर को संबोधित करते हुए विनय लगेह कलेक्टर कोरिया ने कहा कि कोरिया जिले के समस्त ग्राम पंचायत में विकसित भारत यात्रा पूर्ण होने के बाद नगरीय निकायों में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है कोरिया जिले के नागरिकों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दिखाई है प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना उज्वला योजना ,ग्राम स्व निधि योजना सहित विभिन्न योजनाओं से जिले के अंतिम छोर तक के निवासियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है शिवपुर चर्चा के समस्त हितग्राहियों से अनुरोध है कि वे शिविर का लाभ उठाएं शासन की मंसा आपको लाभान्वित करने की है इस हेतु आपको भी जागरूक होना होगा उद्बोधन के क्रम में राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजनाओं से पूरा देश विकास के नए सोपान गढ़ रहा है ,मोदी जी की गारंटी ने विकास सुनिश्चित करने की नई दिशा जनमानस के सामने रखी है ,हमें गर्व है कि हमें सशक्त, दमदार नेतृत्व प्रधानमंत्री जी के रूप में मिला है योजनाओं से वंचित लोगों को शिविर के माध्यम से लाभ लेना चाहिए इस हेतु किसी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो मैं सदैव सेवा हेतु तत्पर एवं प्रतिबद्ध हूं संकल्प यात्रा शिविर कार्यक्रम में दशरथ मोदी, महेश यादव, श्याम नारायण यादव, कुंती चक्रधारी, दीपा विश्वकर्मा ,कुंडल साय पार्षद ,श्रीमती रानी, काजल मोदी ,आदित्य जयसवाल ,रंजन शर्मा ,राजेंद्र पाल सहित काफी संख्या में पालिका क्षेत्र वासी उपस्थित रहे। संकल्प यात्रा शिविर में कलेक्टर कोरिया एवं उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा के द्वारा 25 से भी अधिक महिलाओं की गोद भराई की गई साथ ही कई बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया, इस दौरान दो छोटे बच्चों के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उन्हें उपहार भी दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी आत्मानंद विद्यालय, हिंद विद्यालय, शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों ने भी मनमोहक संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी कार्यक्रम के दौरान दो बच्चियों ने कलेक्टर कोरिया से आग्रह किया की उन्हें एक कार्यक्रम करने का और अवसर दिया जाए इस पर कलेक्टर कोरिया ने उन बच्चों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कहा कि आपके कार्यक्रम देखने के बाद ही मैं जाऊंगा और उन्होंने उन्हें कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया जिससे बच्चियों मैं काफी उत्साह नजर आया।

शिविर में उपस्थित एक बच्चे ने अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति बताते हुए विद्यालय में फीस माफ करने का अनुरोध किया जिस पर संवेदनशील कलेक्टर ने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया बाहर पहनने के लिए कार्यक्रम में कई हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी दी। संकल्प यात्रा शिविर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नेतराम रत्नेश मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुर चर्चा ,आलोक चक्रधारी उप अभियंता, शुभेंदु श्रीवास्तव उप अभियंता ,श्रीमती कलावती राजवाड़े ,श्रीमती सबीना शशि भूषण श्रीवास्तव आर.के सिंह ,सत्यनारायण साहू ,राज किशोर सिंह ,श्रीमती सूची पांडे आदि विशेष रूप से सक्रिय थे कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन पुरुषोत्तम विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

## युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन

**कोरबा।** युवा मोर्चा के जिला प्रभारी राजेश बेहरा व जिलाध्यक्ष पंकज सोनी ने कई मंडलों में दौरा करते हुए नव मतदाताओं का सम्मेलन कराने की रणनीति तैयार की है। 25 जनवरी को लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों में सम्मेलन होंगे। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के तिलकेजा व करतला में सम्मेलन कराए जाएंगे। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। यहां पर प्रवीण उपाध्याय, धनंजय चौहान, किशन साव, नीरज मिश्रा, दिनेश प्रजापति, दिनेश तिवारी, संजय कश्यप, कन्हैया राठौर, रामायण राठिया, प्रकाश यादव ने नये मतदाताओं से मिलने का काम शुरू कर दिया है। इसी तरह कोसाबाड़ी व कोरबा नगर मंडल की भी बैठक ली गई। गीतांजलि भवन में सम्मेलन कराने की तैयारी की जा रही है। इस क्षेत्र के दिनेश सेन, पिंकू रंजन, सिद्धांत नारायण सोनी, असलम खान सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नव मतदाताओं को नमो एप से जोड़ा है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी के द्वारा कटघोरा व पाली क्षेत्र में भी जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। पाली विधानसभा क्षेत्र में पाली के मंगल भवन में दो मंडलों का सम्मेलन होगा। यहां पर दिलीप पटेल, तारकेश्वर पटवा, विशाल मोटवानी, बृजेश यादव, राधेश्याम सिंह ने तैयारी शुरू कर दी है। कटघोरा क्षेत्र में भी सम्मेलन कराने के लिए समजीत सिंह, जय गर्ग, रूपेश डिक्सेना, अनुराग दुहलानी, विवेक मारकण्डे सहित अन्य कार्यकर्ता तैयारी कर रहे हैं।

## मरही दाई मंदिर में साफ-सफाई

**कोरबा।** हरदीबाजार मंडल के ग्राम तिवरता स्थित मरही दाई मंदिर में आज भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हरिश थरवानी, छतलाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। कटघोरा में भी दो अलग-अलग स्थानों में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। यहां पर धन्नू दुबे व राजेंद्र टंडन के नेतृत्व में भाजपाई हनुमान मंदिर में जाकर साफ-सफाई किया। जबकि कल दीपका चौक स्थित हनुमान मंदिर में साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में विधायक प्रेमचंद पटेल, वरिष्ठ नेता ज्योतिनंद दुबे, अरुणीश तिवारी, नरेश टंडन, सूर्यप्रकाश शर्मा, राजू प्रजापति, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## युकां प्रदेश अध्यक्ष शर्मा करतला में लेंगे बैठक

**कोरबा।** युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के द्वारा कल करतला स्थित सद्भावना भवन में कोरबा ग्रामीण व करतला ब्लॉक के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। यहां पर वे संगठन को मजबूत बनाने एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विधानसभा के अध्यक्ष शिवम राय ने बताया कि आकाश शर्मा का आज शाम को रामपुर विधानसभा क्षेत्र आगमन हो रहा है।

# प्रतिष्ठा दिवस के लिए देवालयों का बदला कलेवर, माहौल भक्तिमय

### पहली बार होगा दिव्य नजारा

**कोरबा।** संभवत: ऐसा पहली बार होगा जबकि नगर और जिले के सभी देवालयों में अनेक प्रकार के अनुष्ठान के साथ भजन कीर्तन का सिलसिला लंबे समय तक चलेगा। पौष द्वादशी को श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा दिवस के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति यहां पर सुनिश्चित होगी। आम और खास के बीच की दूरी इसके माध्यम से मिटेगी।

प्रेरणा मात्र से समाज को किसी अभियान से कैसे जोड़ा जा सकता है और वह भी स्वस्फूर्त, इसका उदाहरण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस को लेकर किया जा रहे कार्यक्रम और सभी क्षेत्रों में लोगों की भागीदारी बना हुआ है। पिछले एक महीने से कई चरण में कार्यक्रम का सिलसिला जारी है। राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र समारोह समिति के तत्वाधान में इस प्रकार के कार्यक्रम चल रहे हैं। अयोध्या में पूजित अक्षत कलश यात्रा के बाद गृह संपर्क के साथ अक्षत वितरण के कार्य संपन्न कराए गए। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या पहुंचकर दर्शन करने का आमंत्रण लोगों को दिया गया। कोरबा जिले में बनाई गई समितियां ने जिले के कोने-कोने तक अपनी पहुंच स्थापित की ओर अलग-अलग माध्यम से हिंदू समाज को जोड़ने की कोशिश की। अयोध्या से प्राप्त हुए चित्रक और पत्रक लोगों को देने के साथ उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम करने के लिए न केवल प्रोत्साहित किया गया बल्कि इसमें सफलता प्राप्त की गई। प्रभातफेरी और भजन कीर्तन जैसे प्रयोग इसमें काफी सहायक साबित हुए जिन्होंने



समाज को एकजुट करने में अपनी भूमिका निभाई। इसी श्रृंखला में मंदिर तीर्थ स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मंदिरों की साफ सफाई भी की गई। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस के लिए 48 घंटे का समय शेष रह गया है ऐसे में हर कही राम भक्त के बयार चल पड़ी है। इस श्रृंखला में कोरबा नगर के प्राचीन राम जानकी मंदिर सीतामढ़ी, सपतदेव मंदिर, सर्वेश्वर मंदिर प्रगतिंगर, सर्वमङ्गला मंदिर, हनुमानगढ़ी, सिद्धिदात्री मंदिर, सहित अनेक देवालयों में स्वच्छता के साथ आकर्षक सजावट की गई है।

### शुभारंभ हुआ अखंड पाठ

राम मंदिरों में आज से ही अखंड पाठ का शुभारंभ कर दिया गया है जो 22 जनवरी तक चलेगा। गली मोहल्ला में छोटे-छोटे समूह तैयार किए गए हैं जो इस अभियान को विशेष बनाने के लिए अपनी ओर से प्रयत्न कर रहे हैं। मातृशक्ति का योगदान इसमे प्राप्त हो रहा है।

## छात्र-छात्राओं ने निकाली शोभायात्रा

**कोरबा।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रही श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा में हर कोई अपनी भागीदारी निभाना चाहता है। इसी कड़ी में बुधवारी बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से स्कूल के लगभग 1500 छात्र छात्राओं ने श्री राम और माता सीता की वेशभूषा में भव्य शोभायात्रा निकाली जो वीआईपी मार्ग से होते हुए निहारिका एवं घंटाघर मुख्य मार्ग से वापस स्कूल में आकर समाप्त हुई। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए जा रहे जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण राम नाम से गूंज ह्लह्लद्ग.छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल के आचार्य और शिक्षिकाएं ढोल,मंजीरो के साथ भजन कीर्तन करते नजर आए।

## उत्पाती दंतैल ने किया धरमजयगढ़ का रूख

### साथी घूम रहे जिल्गा में



**कोरबा।** जिले के चचिया धान उपार्जन केंद्र में बार-बार पहुंचकर धान को चट करने वाला उत्पाती दंतैल ने बीती रात धरमजयगढ़ का रूख कर लिया है जबकि उसका साथी अन्य दंतैल अभी भी कुदमुरा रेंज के जिल्गा के जंगलों में विचरण कर रहा है। वन विभाग द्वारा इसकी निगरानी की जा रही है। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि रात 12 बजे के लगभग उत्पाती दंतैल ने चचिया से आगे का रूख किया और आज तड़के नदी को पार कर धरमजयगढ़ क्षेत्र की सीमा में प्रवेश कर खड़गांव जंगल पहुंच गया। उत्पाति दंतैल के अन्यत्र जाने से वन अमले तथा ग्रामीणों के साथ-साथ उपार्जन केंद्र के कर्मियों ने राहत की सांस ली है। ज्ञात रहे उत्पाती दंतैल व उसका साथी विगत एक सप्ताह से चचिया वन परिसर में विचरण कर रहा था। दिन भर जंगल में विश्राम करने के बाद रात होते ही दोनों हाथी बस्ती व धान उपार्जन केंद्र में पहुंच जाते थे तथा वहां रखे धान को चट करने के साथ ही बिखेरकर नुकसान पहुंचा देते थे जिससे ग्रामीण व उपार्जन केंद्र के कर्मचारी काफी परेशान थे। हाथियों के डर से वे काफी सहमे हुए थे। उत्पाती दंतैल के जाने से अब उन्होंने राहत महसूस की है।

## एसपी ने बगैर हेलमेट बाइकर्स पुलिस कर्मी पर दिया 500 रुपए जुर्माने का आदेश



**कोरब।** सड़क सुरक्षा माह 2024 के अभियान को आगे बढ़ाते हुए एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बगैर हेलमेट का वर्दी में बाइक चलाने वाले पुलिस कर्मियों के उपर 500 रुपए अर्थदंड का जुर्माना एवं उनके सर्विस रोल में निंदा की सजा दिए जाने का आदेश जारी किया है।

एसपी के उक्त आदेश के अनुसार प्रथम बार यदि कोई पुलिस कर्मी बगैर हेलमेट के बाइक चलाते पाया जाता है तो उसके उपर 500 रुपए का अर्थदंड एवं विभागीय निंदा की सजा से दंडित किया जाएगा। इसके अलावा दूसरी बार पाए जाने पर उसके उपर 1000 रुपए का अर्थदंड जुर्माना स्वरूप वसूला जाएगा। लगातार ऐसा करते पाए जाने पर विभागीय नियमावली के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में एसपी के आदेशों का परिपालन कराने में जिले का ट्रैफिक पुलिस विभाग जुटा हुआ है। कल पुलिस लाइन से रक्षित निरीक्षक अनथ राम पैकरा द्वारा यातायात थाने के एएसआई मनोज राठौर, घनश्याम सिंह राजपूत एवं प्रधान आरक्षकों को हेलमेट पहनाकर रवाना किया गया।

### आरआई ने शुरू की कार्रवाई



एसपी के आदेश को अमलीजामा पहनाने हेतु जिला पुलिस बल में पदस्थ रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा ने बगैर हेलमेट बाइक चलाने वाले पुलिस कर्मियों को समझाईश देने के साथ ही उन्हें फटकार भी लगाई। यहां तक कि कुछ पुलिस कर्मियों के उपर भी कार्रवाई की गई है।

## एक पखवाड़े नहीं चलेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस



**कोरबा।** उत्तर-मध्य रेलवे के आगरा रेलमंडल अंतर्गत मथुरा यार्ड का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कोरबा व अमृतसर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 21 जनवरी से 4 फरवरी अर्थात एक पखवाड़े तक रद्द रहेगी। एक्सप्रेस गाड़ी के लंबे समय तक नहीं चलने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। उन्हें अपनी यात्रा के लिए अन्य गाड़ियों व साधन का सहारा लेना पड़ेगा। इसी प्रकार इन तारीखों को 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल भी रैक की अनुपलब्धता के कारण रद्द रहेगी। रेलवे के सूत्रों ने बताया कि इसी तरह दक्षिण मध्य रेलवे के हैदराबाद मंडल अंतर्गत सीताफल मंडी-कांचीगुड़ा सेक्शन में ट्रैफिक ब्लॉक लेकर यार्ड आधुनिकीकरण कार्य के चलते कल 21 जनवरी को कोरबा से रवाना होने वाली यशवंतपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया काजीपेट- गुंटकल- धर्मवरम से चलेगी।

## अज्ञात वाहन के रौंदने से बाइकर्स किशोर की मौत

**कोरबा।** जिला पुलिस लाइन के सामने कोसाबाड़ी रजगामार रोड में अज्ञात वाहन के रौंदने से गंभीर रूप से घायल हुए बाइकर्स किशोर की जिला अस्पताल ले जाते वक्त कल देर शाम बीच रास्ते में मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम टेवानारा निवासी किशोर सूर्यकुमार राठिया उम्र 16 पिता रथराम राठिया बाइक से कोरबा आया था। यहां से शाम 6.30 बजे के लगभग वापस बाइक से अपने घर लौट रहा था। कोसाबाड़ी रजगामार रोड में पुलिस लाइन के सामने एक अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मारकर रौंदते हुए भाग निकला। गंभीर रूप से घायल किशोर को कोरबा जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। यहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

## 22 को राम दिवाली मनाने प्रशासन-राजपूत समाज के तत्वाधान में शुरू की गई व्यापक तैयारी

**कोरबा।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम को राष्ट्रव्यापी स्वरूप देने की कड़ी में कोरबा में प्रताप भवन रामजानकी मंदिर में प्रशासन एवं जिला राजपूत क्षत्रिय समाज के संयुक्त तत्वाधान में व्यापक एवं भव्य कार्यक्रम मनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसके लिए उस दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी जारी कर दी गई है।

इस कार्यक्रम के लिए जारी किये गए शेड्यूल के अनुसार सुबह 10 बजे से 1 बजे तक विभिन्न मानस भजन मंडलियों द्वारा मानस भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। इसमें मानस भजन गायन में विजेता टीम को प्रशस्ति पत्र देने के साथ ही उसमें शामिल होने वाली 5 मंडलियों को प्रशासन एवं राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा संयुक्त रूप से नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके बाद 11 बजे दिन से बड़े प्रोजेक्टर के माध्यम से अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 1 बजे दिन तक किया जएगा। 1 बजे के बाद महाआरती, भोग वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। शाम 5 बजे से महिलाओं का रंगोली प्रतियोगिता, 2100 दीपों की ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। इसके बाद



*तैयारी का जायजा लेने सुबह से शाम तक डटे रहते ये पदाधिकारी, साथ में मंदिर के पुजारी।*

शाम को हलवा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर रामजानकी मंदिर प्रताप भवन से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक रोशनी करने के साथ ही रामजानकी मंदिर को फूलों के हार से सजाया जाएगा। रात्रि 7 बजे के बाद यूपी, बिहार, झारखंड, टाइगर, भोजपुरी लोक गीतों के टीवी कलाकार मनोज गिरी सिवान बिहार प्रांत द्वारा रामायण गान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी कड़ी में आज सुबह प्रशासन एवं निगम प्रशासन की ओर से अभियंता संजय तिवारी व अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल प्रताप भवन प्रांगण का मुआयन कर आवश्यक सहयोग दिए जाने हेतु राजपूत समाज के लोगों के साथ बैठक भी किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजपूत समाज के संरक्षक आरके सिंह, उमाशंकर सिंह, डॉ. राजीव सिंह, अध्यक्ष अवधेश सिंह, उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव मुकेश सिंह, सहसचिव छन्नू सिंह, जितेंद्र सिंह लाला, पूर्व जिलाध्यक्ष क्रमश: श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, चंद्रहास सिंह, नरेश सिंह, पद्मसिंह चंदेल, लक्ष्मण सिंह, बलदेव सिंह, वरिष्ठ सदस्य मंटू सिंह, चंद्रमा सिंह राजपूत, राजेन्दर सिंह, नूतन सिंह, स्मित सिंह, उदय सिंह मामा, कांता सिंह, संजय सिंह, डॉ. संदीप सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह एवं महिला राजपूत समाज की डॉ. मनीषा सिंह, माया सिंह, किरण सिंह आदि जुटे हुए हैं।

## वार्षिकोत्सव में प्रतिभा दिखाई बच्चों ने

**दीपका।** सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल प्रगति नगर दीपका द्वारा स्कूल मैदान में अपना वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि दिल्ली डायोसिस के मुखिया सक्रियास मार अप्रेम, कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रेम चंद पटेल एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। स्वगत के बाद स्कूल प्रिंसिपल फादर शिजू रॉबर्ट ने वार्षिक रिपोर्ट पेश करने के साथ एसईसीएल दीपका के सभी विभागाध्यक्षों को धनयवाद ज्ञापित किया, जिनके द्वारा स्कूल प्रबन्धन को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहोयग किया। तत्पश्चात स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

***कोरबा।** नगर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने आज सुबह राममंदिर प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं इसमें शामिल हुए।

## महाराणा प्रताप नगर में स्ट्रीट लाइट को किया ठीक



**कोरबा।** नगर पालिका निगम के विद्युत क्षेत्र के द्वारा आज महाराणा प्रताप नगर में स्ट्रीट लाइट सुधार के लिए कार्य किया गया। समय से यहां पर समस्या बनी हुई थी और रात्रि में आवाजाही को लेकर लोग परेशान हो रहे थे।

स्थानीय पार्षद आशा जायसवाल के द्वारा इस बारे में निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के साथ आगे कार्यवाही करने के लिए कहा गया था। इस पर संज्ञान दिया गया और संधारण टीम को इस क्षेत्र में भिजवाया गया। समस्याग्रस्त इलाके को पहचान करने के साथ जरूरी सुधार कार्य किए गए। तकनीकी गड़बड़ी को ठीक करने के साथ-साथ कई मामलों में निष्क्रिय लाइट बदली गई। एमपी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के अभियान पहले भी चलाए गए हैं और परेशानी को दूर करने की कोशिश की गई है। क्षेत्र के लोगों को अवगत कराया गया है कि जब कभी मुख्य और आंतरिक मार्ग पर इस तरह की स्थितियां निर्मित हो तो इस बारे में आवश्यक जानकारी साझा की जाए ताकि समय रहते निराकरण के लिए काम कराया जाना आसान हो सके।

## 21 दिन पद यात्रा कर कोरबा से पहुंचे अयोध्या

# हर कही मिला अपनापन, आसान हुआ सफर

**कोरबा।** सच ही कहां गया है कि सपना होने के साकार होते हैं जिनके पंखों में जान होती है। 700 किलोमीटर पैदल चलकर मंजिल प्राप्त करना किसी सपने से कम नहीं। औद्योगिक नगर कोरबा से शुरू हुई पदयात्रा उत्तर प्रदेश के अवध मंडल के मुख्यालय और श्री राम की नगरी अयोध्या में पूर्ण हुई। 9 युवक इस यात्रा में सहभगी बने। अयोध्या से लौटे कृष्णा वैष्णव ने बातचीत के दौरान अपने अनुभव साझा किए हर कहीं लोगों से गजब का अपनापन प्राप्त हुआ जिससे कुछ भी अजीब नहीं लगा।

25 वर्षीय कृष्णा नगर पालिका निगम के वार्ड संख्या 12 के अंतर्गत अमरैयापारा के निवासी हैं, जिन्होंने जीवन में पहली बार इतनी लंबी पदयात्रा की। कभी कल्पना नहीं की थी कि इस तरह की यात्रा करना संभव होगी लेकिन इसे पूरा करने के साथ विशेष संतुष्टि है।



*शिव मंदिर शारदा विहार में कृष्णा वैष्णव का आज सम्मान हुआ।*

26 दिसंबर को पूजा पाठ के साथ उनकी टीम उत्तर प्रदेश के अयोध्या के लिए रवाना हुई। कोरबा जिले से लेकर सूरजपुर, अंबिकापुर, बलरामपुर जिले में जहां कहीं से पदयात्रा करने वाले निकले, वहां के लोगों ने उत्साह के साथ स्वागत सत्कार किया और भगवान का जय घोष किया। राष्ट्रीय संगठन की व्यवस्था के अंतर्गत यात्रियों को हर क्षेत्र में अपेक्षित सहयोग प्राप्त हुआ। बलरामपुर जिले के धनबार अंतरराज्यीय जांच नाका में उन्होंने आश्रय लिया। अगली सुबह वे उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश हुए। जमीन वही, पेड़ पौधे वही, साइन बोर्ड अलग थे। भाषा कुछ अलग पर मन में सीधे उतरने वाली। हमारे जैसे भोले भाले लोग। मालूम हुआ कि रामभक्त अयोध्या जा रहे है तो भीड़ हमारे साथ। फिर स्वागत भी। उत्तर प्रदेश में चलते हुए रेणुकूट मिर्जापुर वाराणसी जौनपुर और इन क्षेत्रों के सैकड़ो गांव को हमने पर किया और हर स्थान पर लोगों के अपनेपन ने हृदय को पुलकित कर दिया। उन्होंने यादों में उतरकर बताया कि यहां से काफी सामान रखा गया था ताकि रास्ते मे दिक्कत ना हो, लेकिन रामभक्ति की बयार में हमे अपनी तरफ से कुछ करने की जरूरत नही पड़ी। पूरे रास्ते मे , खानपान की चीज दुकानदारों ने खुद उपलब्ध कराई और आग्रह करने पर भी रुपये नहीं लिए।

आडंबर से दूर रहने में भरोसा करने वाले कृष्णा ने बताया कि प्रतिदिन नियम से स्नान ध्यान के साथ आगे की यात्रा शुरू की जाती थी और अधिकतम 8 बजे के बाद उसे अस्थाई विराम दिया जाता था। पुरी यात्रा के दौरान हाईवे के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के व्यस्त आवाजाही वाले इन इलाकों में पद यात्रियों को सुविधा से बचाने के लिए पुलिस ने खुद मोर्चा संभालने के साथ उन्हें आगे रास्ता दिलवाया। लम्बी यात्रा कर अयोध्या की पावन धरती में प्रवेश कर लगा मानो दर्द या कठिनाई जैसा कुछ शेष रहा नही। गुजरात के आनन्द शहर के एक संत से हुए परिचय ने वहां रामजी के दर्शन को अत्यंत सहज बना दिया।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com